डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80200 10 ग्राम
₹ 100000 01 किलो
सेंसेक्स 75,311.06 -424.90
डॉलर 86.572 +0.011

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 27 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-134, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेसी के गोल से इंटर मियामी ने ...

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल स्वास्थ्य बीमा योजना का करेंगे शुभारम्भ

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 28 फरवरी को स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारम्भ करेंगे। इस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विशिष्ट अतिथि रवीन्द्र नाथ महतो, वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, इरफान अंसारी स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार होंगे। इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों एवं आश्रितों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 05 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। दिव्यांग आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। लाभुकों को चिन्हित कर गंभीर बीमारियों के चिकित्सा के लिए 05 लाख तक की अतिरिक्त सीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपए की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुए व्यय का वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीमा राशि से अधिक चिकित्सा राशि का व्यय होने की स्थिति में चिकित्सा व्यय का वहून संधारित कॉरपस फण्ड द्वारा किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में राज्य कर्मी एवं सेवानिवृत कर्मियों का दुर्घटनाग्रस्त अथवा मरणासन्न स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चतर संस्थान में उपचार हेतु रेफर किए जाने की स्थिति में एयर एम्बुलेंस एवं वायुयान यात्रा की सहायता प्रदान की जाएगी। गंभीर बीमारी के केस में आर्गन ट्रांसप्लांट के लिए सभी चिकित्सा व्यय प्रदान की जाएगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**कुंभ स्नान से लौट रहे 7 दोस्तों की कार दुर्घटनाग्रस्त**

## रांची-रामगढ़ के 4 युवकों की मौत, 3 गंभीर रूप जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रयागराज कुंभ से वापस लौट रहे सात दोस्तों की कार प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के पास हादसे का शिकार हो गई। हादसे में रामगढ़ और रांची के चार युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं।

**मृतकों में तीन रामगढ़ और एक रांची के :** मंगलवार देर रात करीब दो बजे यह हादसा हुआ। कार असंतुलित होकर सड़क से नीचे एक घर में जा घुसी। मृतकों में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा के भदानीनगर क्षेत्र के अभिषेक ओझा, चालक सनाउल्ला, भुरकुंडा के सौरव गुप्ता और रांची के अभिषेक सिंह शामिल हैं।

**दो दिनों पहले गए थे प्रयागराज :** हादसे में घायल रोहित, आकाश और रूपेश को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी दोस्त दो दिन पहले भुरकुंडा से प्रयागराज कुंभ के लिए गए थे। घटना में एक राहत की बात यह रही कि जिस घर में कार घुसी, उसमें सो रहे परिजनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हो गए हैं।

## सड़क हादसे में सांसद महुआ माजी के हाथ-छाती की हड्डी टूटी, आज होगा ऑपरेशन

**रांची/लातेहार।** प्रयागराज से महाकुम्भ में स्नान कर रांची आ रहीं जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ माजी बुधवार को सड़क हादसे में घायल हो गईं। चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना बुधवार तड़के 3:40 बजे लातेहार के सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव के पास एनएच-75 पर होते ही लोगों की भीड़ जुट गई। दुर्घटना के बाद लातेहार में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रांची के ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सांसद के साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे। डॉ ध्रुव कौल के अनुसार सांसद के हाथ में रेडियस फ्रेक्चर है। छाती की हड्डी टूटी है और उसमें हवा भर गई है। ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखकर उनका इलाज किया जा रहा है। हालांकि वह खतरे से बाहर हैं। गुरुवार को उनका ऑपरेशन किया जाएगा। घटना के बाद उनसे मिलने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री, विधायक सीपी सिंह, सांसद संजय सेठ, डीसी मंजूनाथ भजंत्री आदि अस्पताल पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सुबह में चालक को अचानक झपकी आते ही कार की सड़क पर खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा होते ही महुआ माजी की बहू चिल्लाने लगी। इस बीच **शेष पेज 11 पर**

### सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना ने की महुआ माजी से मुलाकात, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने एचबी रोड स्थित ऑर्किड अस्पताल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अस्पताल के चिकित्सकों से महुआ माजी के स्वास्थ्य में सुधार और उनके उपचार से संबंधित जानकारी ली। मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने अस्पताल पहुंचकर न केवल सांसद के स्वास्थ्य की जानकारी ली, बल्कि उनके परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया।

**हेमंत सोरेन देवघर में महाशिवरात्रि महोत्सव में हुए शामिल, शिव बारात को किया रवाना**

# देवघर का शिवरात्रि महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में : मुख्यमंत्री

- **आने वाले समय में आप सभी के सहयोग से आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाएंगे**





**देवघर।** महाशिवरात्रि पर बाबा नगरी देवघर में बाबा भोलेनाथ के चरणों पर शीश नवाकर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आज यहां शिव बारात में सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिला है। यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं, जिसमें इंसान के साथ जीव - जंतु भी शामिल है। यह शिव बारात मात्र नहीं है । ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दशार्ता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है और कहीं ना कहीं दुनिया इसी की बदौलत चल रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को महाशिवरात्रि पर बाबा नगरी देवघर के केएनएन स्टेडियम में आयोजित शिव बारात महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया।

**उमंग ,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का है दिन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए उमंग ,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का दिन है। महाशिवरात्रि का महापर्व सदियों से मनाते आ रहे हैं और आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी। बाबा नगरी देवघर के लिए यह महापर्व विशेष है। यहां महाशिवरात्रि के पर्व के साथ निरंतर नया अध्याय जुड़ता जा रहा है । आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है।

**आस्था का यह केंद्र और मजबूती के साथ आगे बढ़े, सभी का सहयोग जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। श्रावणी मेले के दौरान देश- दुनिया से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। इतना ही नहीं सालों भर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहता है। इस पवित्र **शेष पेज 11 पर**

**हजारीबाग में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प**

## आधा दर्जन से अधिक वाहन आग के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें एक दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है। आधा दर्जन से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। दोनों समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। घटना जिले के इचाक प्रखंड के डुमरांव की है। बताया जा रहा है कि महाशिवरात्रि के दौरान झंडा बांधने और साउंड सिस्टम लगाने को लेकर विरोध हुआ था और इसके बाद ही यह घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस गांव में कैंप कर रही है, दोनों तरफ से स्थिति तनावपूर्ण है।

प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बरांगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल, इचाक प्रखंड के पदाधिकारी समेत वरीय पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद हैं। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह भारत चौक पर झंडा और महाशिवरात्रि का लाउडस्पीकर लगाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद आक्रोश में उपद्रवियों ने मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया। बताया यह भी जा रहा है कि पहले दोनों समुदायों के बीच समझौता हुआ था कि एक दिन के लिए लाउडस्पीकर लगाए जाएंगे। पूजा खत्म होने के बाद लाउडस्पीकर हटा दिए जाएंगे। इस दौरान थाना प्रभारी भी वहां मौजूद थे। समझौता होने के बाद फिर दोनों गुटों में फिर झड़प हो गई। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है, पुलिस स्थिति को शांत करने में लगी हुई है। जिला प्रशासन ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। एएसपी श्रुति अग्रवाल ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

**आज कल**




## प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ की पूर्णाहुति

- **त्रिवेणी संगम में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ 2025 का 45 दिन बाद 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ अंत हो गया। 45 दिनों में संगम में डुबकी लगाने की पावन कामना लिए 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे। यह आयोजन अपने आप में कितना विशाल था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूपी सरकार ने महाकुंभ की अवधि के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महाकुंभ क्षेत्र को अलग जिला तक घोषित कर दिया। चार हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस महाकुंभ नगर के 25 सेक्टरों में हर वो व्यवस्था की गई, जिससे प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।

महाकुंभ का आयोजन खत्म होने के साथ ही श्रद्धालुओं का प्रयागराज से लौटना जारी है। हालांकि, बीते 45 दिनों में कई ऐसी चीजें देखने को मिलीं, जो कि भक्तों के दिलों में लंबे समय तक ताजी रहेंगी। फिर चाहे वह शाही स्नानों के बावजूद प्रयागराज में हर दिन करोड़ों लोगों के जुटने और इसके चलते जाम की स्थिति पैदा होने की घटनाएं हों या महाकुंभ में एक के बाद एक बाबाओं के वायरल होने की।

## आदिवासियों की 'मिनी एसेंबली' ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का गठन

**- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके पदेन अध्यक्ष होंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) का गठन कर लिया है। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके पदेन अध्यक्ष होंगे। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को छोड़कर) के मंत्री चमरा लिंडा काउंसिल के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। 20 सदस्यीय काउंसिल में भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन को भी सदस्य के रूप में जगह दी गई है। भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत झारखंड सहित देश के 10 राज्यों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है। इन राज्यों में एक ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया जाता है, जो अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उन्नति से संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देती है। इस संवैधानिक निकाय का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि इसे आदिवासियों की 'मिनी असेंबली' के रूप में जाना जाता है। झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से टीएसी के गठन की **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

## क्या झारखंडी महादेव का प्रदेश है झारखंड?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट के रास्ते में झारखंडी महादेव मंदिर का बोर्ड देखकर चौंक गया था,कुछ ऐसी ही स्थिति डेहरीऑनसोन स्थित झारखंडी महादेव मंदिर को देखकर हुई थी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह मंदिर 3 हजार साल पुराना है। डेहरी के झारखंडी महादेव मंदिर में ताड़का ने की थी भगवान शिव की पूजा। थोड़ा रिसर्च किया तो पता चला कि ऐसे मंदिर बसाढ़ी बिहार,यूपी में भी हैं। गोरखपुर के खजनी कस्बे के सरया तिवारी गांव के झारखंडी महादेव मंदिर प्रसिद्ध है। भगवान शिव को झारखंडी कहा जाता है तो क्या झारखंड का नामकरण संथाल परगना के देवघर स्थित बाबाधाम के प्रसिद्ध मंदिर के कारण हुआ? झारखंड में संथाल आदिवासियों के आराध्य देव मारांग बुरू हैं। मुंडारी भाषा में भी मारांग का मतलब बड़ा और बुरू का मतलब पहाड़ होता है। संथाल आदिवासी मारांग बुरू को अपने आराध्य देव मानते हैं। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल में स्थित लुगू बुरू घंटा बारी पहाड़ संथाल आदिवासियों के लिए तीर्थ है। विश्व भर के संथाल आदिवासियों में इसके प्रति अटूट आस्था है। उनके लिए यह शक्तिपीठ है। यहां से उनका गौरवशाली अतीत जुड़ा है। पहाड़ पर 12 दिनों तक जंगल के फल व पानी के सहारे आदिवासी समाज के साधक आकर शक्ति की प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि लुगू बाबा के माध्यम से मारांग बुरू की शक्तियां उनको प्राप्त हो जातीं हैं।ये उसी प्रकार की प्रथा है जैसी विंध्याचल और कामरू कामख्या में हैं।संथाली भाषा की एक पत्रिका निकलती थी होड़ संवाद इस होड़ और हर हर का क्या संबंध है? झारखंड में कई शिव मंदिर और अवशेष हैं- मुंडा आदिवासी बहुल खूंटी जिले में प्रसिद्ध आमरेश्वर धाम, जमशेदपुर के पास दलमा पहाड़ी पर स्थित दलमा शिव मंदिर गुफा में बना है। चतरा स्थित प्रसिद्ध कौलेश्वरी शिव मंदिर कौलेश्वरी पर्वत पर बना है। बूढ़ा महादेव मंदिर, हजारीबाग, रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर देश का दूसरा सबसे बड़ा शिवलिंग है। ईचागढ़ का चतुमुर्खी शिव मंदिर, रांची के नामकुम में स्थित माराशिली पहाड़ का शिव मंदिर, शिव धाम भी कहलाता है। गुमला जिले के जारी प्रखण्ड स्थित रुद्रपुर गांव के जंगल में 108 काष्ठ निर्मित शिवलिंग अद्भुत हैं जिनकी पूजा करने वाला कोई नहीं। यही हाल सदियों से जंग नहीं लगने वाली धातु से



जारी रुद्रपुर गुमला का दुर्लभ काष्ठ शिवलिंग

निर्मित त्रिशूल वाले गुमला जिले के टांगीनाथ का है जहां दुर्लभ मूर्तियां खुले आसमान के नीचे बिखरी पड़ी हैं और लौह इतिहास की गौरवशाली स्मृतियां भी। देवघर की बाबा नगरी भगवान शिव का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। भारत के 12 शिव ज्योतिर्लिंगों में से एक यहां पर स्थापित है। भारत में कुल 51 शक्ति पीठ हैं, उनमें से एक यहां हैं। देवघर को बैद्यनाथ धाम भी कहा जाता है। यह एक महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थस्थल हैं। यह ऐसा पवित्र स्थल है जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों एक साथ हैं। इसके बारे में अनेक कथाएं हैं जो रावण द्वारा भगवान शिव को लंका ले जाने के क्रम में जमीन पर रखने से भी जुड़ी हैं। देवघर के पुजारी और आसपास के इलाके की भाषा संस्कृति की अलग दुनिया है जिस पर शोध से अनेक रहस्यों से पर्दा उठ सकता है। झारखंड के कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जिले के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा के कई जिलों के लोगों की आस्था का केंद्र रहा है मुर्गा महादेव मंदिर। यहां हर वर्ष शिवरात्री पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। झारखंड की राजधानी रांची में आस्था का बड़ा केंद्र है- पहाड़ी मंदिर। इस पहाड़ी पर भगवान का शिव मंदिर है। शिवरात्रि के दिन यहां काफी संख्या में भीड़ उमड़ती है। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में श्रृंखलाबद्ध मंदिरों के गांव मलूटी को गुप्त काशी के नाम से भी जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में वीरभूम जिले के रामपुरहाट के समीप तारापीठ में मां तारा के दर्शन के बाद महज 20 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित मंदिरों के गांव मलूटी में भगवान शिव, दुर्गा, काली, धर्मराज, मनसा देवी, विष्णु सहित मां मौलिक्षा देवी का मुख्य मंदिर अवस्थित है। मलूटी के बारे में दुमला जिला प्रशासन के साइट पर जो लिखा है वह भ्रामक और अशुद्ध है ह्यनिकटतम हवाई अड्डा नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट, कोलकाता 250 किलोमीटर की दुरी पर हैं।मलुटी एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थान है जो दुमका जिला मुख्यालय से 55 किमी की दूरी पर दुमका रामपुरहट इंटरस्टेट राजमार्ग पर शिकारीपारा ब्लॉक में स्थित है। 1860 में मल्लुति को तत्कालीन राजा बसंत राय उर्फ बसंत द्वारा कर मुक्त पूंजी बना दिया गया था। यह मल्लुति प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पुरातात्विक और धार्मिक आयातक जगह से जुड़ा हुआ है।ह्य इस जानकारी में देवघर हवाई अड्डे का उल्लेख तक नहीं है। शोध और पुरातात्विक अध्ययन से झारखंड में फैले और जमीन में दबे इतिहास के प्रामाणिक तथ्य सामने आ सकते हैं और करोड़ों के धार्मिक पर्यटन से उपजे रोजगार के अवसर से पलायन रुक सकता है उग्रवाद पर प्रभावी रोक लग सकती है।

**बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार**

## भाजपा के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के सात विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव भी उपस्थित रहे। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दरभंगा के विधायक संजय सरावगी, जाले के जिवेश मिश्रा, साहेबगंज के राजू कुमार सिंह, सिकटी के विजय कुमार मंडल, बिहारशरीफ के सुनील कुमार, रीगा के मोतीलाल प्रसाद और अमनौर के कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से ठीक पहले बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि पार्टी में 'एक व्यक्ति, एक पद' का फॉमूर्ला है, इसलिए इस्तीफा दे रहा हूं। उनका इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया गया। इससे पहले बिहार मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समेत 30 मंत्री थे। भाजपा के 16 मंत्री थे, जिनमें दो उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। इनमें से एक मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफा दे दिया। जदयू से 13 मंत्री हैं, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हैं।

# महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात की झांकी




हुसैनाबाद। जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर से बाजे -गाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। मंदिर परिसर से पंडित शंभू पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ बारात की रस्म शुरू की गई। बारात स्टेशन रोड, जेपी चौक आंबेडकर चौक, पटेल चौक होते हुए शहर का भ्रमण करते हुए पुनः आशुतोष धाम पहुंची। साथ ही आयोजन समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद थाना परिसर में भी भंडारा का आयोजन किया गया था। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, युगेश प्रसाद, राजेश्वर सिंह, संजय पाठक, मिथिलेश कुमार समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर 'हर-हर महादेव' की जयघोष से गूंज उठा इलाका



### देवालयों में दूसरे पहर तक जलाभिषेक रहा जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार की सुबह से ही बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र स्थित शिव मंदिरों व देवी मंदिर में हर हर महादेव के जयकारा गूंजना शुरू होगा। बड़ा शिवालय प्रागंण बाजार से पूजा अर्चना व जलाभिषेक उपरांत शिव बारात निकालने के बाद शिव पार्वती के विवाह की रस्म पूरी की गई। प्राचीन शिव मंदिर बरेवा में सुबह से भक्तों का जलाभिषेक करने कर क्रम जारी रहा। कबरा कला गांव स्थित सोन नदी के बीच धारा स्थित दसशीशा नाथ महादेव पर जर्लापण के भक्तों ने नाव का सहारा लेकर मंदिर जाने के लिये दूसरे पहर तक कतारबद्ध हुए। स्थानीय सिद्धपीठ देवी मंदिर में सुबह से सैकड़ों महिला पुरुष भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद उपस्थित पुरोहितों से कथा श्रवण सपरिवार किया। कथा श्रवण के बाद अनूप कुमार सिंह, कनिष्क कुमार, ज्ञानी कुमार, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, गायत्री देवी, मीरा देवी, बेली देवी, अंकित कुमार, बिमला देवी, प्रमिला देवी सहित कई श्रद्धालुओं ने कहा कि पारंपरिक महाशिवरात्रि पर्व के दिन ही भगवान शिव के निराकार रुप में प्रकट होने पर ही उनका विवाह पार्वती माता के साथ किया गया था। पुरोहित पं. सत्येन्द्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि रात्रि में ही इस पर्व में पूजन करने का महत्व पौराणिक मान्यताओं में है। इस दिन शिवलिंग की पूजा प्रदोष काल, निशिथ काल के अलावे रात्रि के चार पहरों में की जाने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि इस पर्व को फाल्गुन मास के कृषण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है।

## श्रद्धालुओं से भरी नाव डूबी, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** दसशीशा नाथ महादेव का दर्शन और जलाभिषेक को लेकर सोन नदी उस पार बिहार के रोहतास जिला से नाव से श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान एक नाव ओवर लोड से भूतल में चला गया। पानी कम होने से सभी सवारों को आस पास के लोगों ने बाल-बाल बचा लिया गया है। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि इनकी सुरक्षा को लेकर कोई भी प्रशासनिक व्यवस्था नहीं की गई। नाव डूबने की सूचना स्थानीय पुलिस दलबल के साथ पहुंची हैं। इससे पूर्व मात्र दो चौकीदार नियुक्त थे।

## प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था से महाशिवरात्रि पर्व मना

**छतरपुर।** प्रखंड में पूरे हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। शविरात्रि को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में भगवान शिव की पूजा की गई। इसके अलावा देवगन धाम, टीधाम कुटिया मंदिर कर्म जहां पूजा के साथ धार्मिक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। फोरलेन दिनदग पंचायत में स्थित बघवा पहाड़ पर भगवान शिव का भव्य पूजा किया गया। जमीन से काफी उचांइयों पर स्थित भगवान शिव का पूजा किया गया। हजारो की संख्या में महिला-पुरष श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे थे। पुजारी कैलाश यादव ने बताया कि जब पानी नही होता है तब यहां पर भजन- कीर्तन करने से पानी होने लगता है। यहां पर 2013 से पूजा अर्चना की जाती है। बघवा पहाड़ पर दो पंचायत के 30 गांव के लोग पूजा करते हैं। यह बघवा पहाड़ समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष कामख्या विश्वकर्मा, सदस्य मिथुन कुमार, दीपक कुमार,विकास कुमार,शंकर यादव समेत गांव के सभी लोग सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाते है। बघवा पहाड़ के नीचे वन देवी का छोटा मंदिर भी बना है जो आस्था का केंद्र है।

## न्यूज बॉक्स

### शिव अनादि और अनंत स्वरूप का प्रतीकः लवली गुप्ता

**पांकी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा नेत्री सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के राहेवीर पहाड़ी, खपरमंडा, चंद्रपुर कामत, गौरीदह सहित कई पूजा स्थलों पर आयोजित मेले में शिरकत की। पांकी प्रखंड के ग्राम जोतांग में शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि शिव की पूजा शिवलिंग के रूप में की जाती है जो उनके अनादि और अनंत स्वरूप का प्रतीक। शिवरात्रि विशेष रूप से महाशिवरात्रि शिव की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व है। शिव की पूजा और उनके आदर्शों का पालन जीवन में सकारात्मक और शांति लाता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, समाज सेवी उपेंद्र गुप्ता, अजीत मेहता,मनीष कुमार व्यास यादव, गोवर्धन यादव, दामोदर यादव ,विजय यादव, राजेश्वर सिंह, संजय यादव अरविंद यादव , ललन यादव ,शिवनाथ रजक, विदेश यादव सहित सैकड़ो की संख्या हम लोग उपस्थित थे।

### ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मना

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में 89 महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बीके नीरज भाई ने परमात्मा शिव के दिव्य कर्तव्य को याद दिलाते हुए कहा कि शिव आत्माओं के परमपिता,सभी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कलयुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य का धर्म भ्रष्ट और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है, तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण हेतु सभी मनुष्यों को दुख-दर्द,अशांति एवं विकारों के चुंगल से छुड़ा कर ज्ञान की ज्योति और पवित्रता की किरण बिखेरते हैं। सुख-शांति, आनंद, संपन्नता, मनुष्य में देवता की पुनः स्थापना करते हैं। परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही शिवरात्रि अर्थात शिव जयंती का त्यौहार मनाया जाता है। उन्होंने शिव और शंकर में अंतर बताते हुए कहा कि शिव परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। शंकर सूक्ष्म देहधारी हैं। शिव का अर्थ कल्याणकारी है,जबकि शंकर को विनाशकारी दिखाते हैं। शिव सभी आत्माओं का परम पिता है,रक्षक है। वह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम से पूर्व सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराया गया। शिवध्वज के नीचे बीके भाई- बहनों ने संकल्प लिया कि हम जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलेंगे। इस नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच रखेंगे। इस अवसर पर बीके धीरज, बीके रामनरेश,बीके मनोज भगत, आनन्द किशोर, बीके कृष्णा, बीके शोभा, माता कुसुम, माता शकुंतला आदि ने द्वादश ज्योति लिंग के दर्शन कर भक्त भावविभोर हो गये।

### शिवालयों में आराधना और जलाभिषेक को लेकर लगा रहा भक्तों का तांता

**मोहम्मदगंज।** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की आराधना, उपासना और अभिषेक को लेकर इलाके के भीमचूल्हा, कादलकुर्मी, शिलापर, सिंचाई कॉलोनी, बिचलाडीह, नहर चौक, रेलवे कैंपस, देवीधाम,गीता भवन, राजनडीह, करडंडा, गोलापत्थर, भजनियां, भाली, रानीदेवा और पंसा सहित अन्य कई गांवों के मंदिरों और स्थलों में श्रद्धालु नर-नारियों का तांता लगा रहा। शिवालय हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजायमान रहे। खासकर, महिलाओं ने उपवास भी रखा। भक्तों भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, धतूर, भांग, मदार की कलियां, बेर, चना की फलियां, जल, दुग्ध, अबीर-गुलाल और अन्य पूजा सामग्रियां अर्पित किया। प्रायः मंदिरों के ध्वज भी बदले गए। बीचलाडीह स्थित शिव मंदिर के रंगरोगन के साथ 12 घंटे के हरे रामा,हरे कृष्णा नाम संकीर्तन से भक्ति का शमां बंधा रहा। इसके आयोजन में सेवानिवृत्त रेलवे गार्ड सीडी राम का विशेष योगदान बताया गया। इस अवसर पर पर्यटन स्थल भीमचूल्हा स्थित शिव मंदिर भक्तों की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। वहां सुबह से ही अधिकांश भक्तों ने कोयल नदी के पावन जल में डूबकी भी लगाई। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने स्थल का मुआयना किया। वहां सदलबल तैनात एआइ राजेश शर्मा ने उनके मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया। भगवान शिव की उपासना को लेकर महिलाओं की विशेष उपस्थिति को देखते महिला कॉस्टेबल की भी तैनाती की गई थी। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। पुजारी गंगा तिवारी ने कहा कि भीमचूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के बाद से इस मंदिर में भगवान शिव के अभिषेक को लेकर हर विशेष मौके पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या जुटने लगी है।

### प्रखंड के सभी शिवालयों में पूरे दिन लगा रहा भक्तों का तांता

**पांकी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के सभी शिवालियों सहित अन्य मंदिरों में पूरे दिन भक्तों की पूजा अर्चना हेतु भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ प्रखंड के प्रसिद्ध राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर एवं गौरीदह स्थित शिव मंदिर में उमड़ी। वहां पूरे दिन भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हुए देखा गया। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा जगह-जगह भंडारे एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाभंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पांकी अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित सिंह, इंस्पेक्टर पूनम टोपो,थाना प्रभारी राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

## एक नजर

### पांकी के करार में भक्ति जागरण का आयोजन

**पांकी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पांकी के करार जोगियादह शिव मंदिर के प्रांगण में भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह की धर्मपत्नी जयमती देवी व पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व सनातन धर्म का प्रतीक है। आज ही के दिन देवों के देव महादेव का विवाह माता पार्वती से हुआ था। जिसे हम शिवरात्रि के रूप में मनाते है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, बीससुत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, करार मुखिया मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, संतोष गुप्ता, सत्यप्रकाश पांडेय, सहित कई लोग मौजूद थे।

## निःशुल्क शिक्षा के लिए 'उड़ान भारत' पहल की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'उड़ान भारत' नामक सामाजिक पहल की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, जरूरतमंद और वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे भी अपने सपनों को साकार कर सकें। इस पहल का उद्घाटन समारोह बड़ी गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की मुखिया गुड्डी देवी और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के प्राचार्य संजय सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। मुखिया गुड्डी देवी ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की कुंजी है। उड़ान भारत एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ. मुरली मनोहर, भवेशकुमार, डॉ. योगेश कुमार प्रजापति, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. विनीत शेखर, परमानन्द यादव व अन्य प्रोफेसर और स्टाफ उपस्थित थे। 'उड़ान भारत' टीम के सदस्य संदीपेश कुमार, निशिकांत कुमार, साक्षी, रोशनी, रोमा, सुमन ठाकुर , नितिन, राजन, शुभम, अफरीन, खुशी, काजल, नूरजहां , सिद्धार्थ, वरुण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## क्षेत्र में मेला लगना सभी के लिए गर्व की बातः विधायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट मेला समिति द्वारा बुधवार को कोयल नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इतना पुराना मेला आज तक लगता आ रहा है, यह हम सबके लिए गर्व की बात है। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा भोलेनाथ का विवाह होता है। लोग भोलेनाथ की पूजा पाठ आराधना करते हैं और भगवान से मनवांछित फल की कामना करते हैं। उन्होंने मेला समिति के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मेला कुछ सालों से समाप्त होते जा रहा था, लेकिन क्षेत्र के कुछ युवाओं ने अभिभावकों के निर्देशन पर पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेले को पुनर्जीवित करने का काम किया है। मौके पर बिहार के कलाकार अंतरा सिंह, प्रियंका, पवन बाबू द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विधायक के अलावा मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम उपमहापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, झामुमो नेता अविनाश देव, भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, प्रमोद सिंह, चैनपुर उप प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया सुनील चौरसिया, अरविंद तिवारी, दिनेश मांझी, प्रेमचंद तिवारी, पंसस मनोज पासवान, संजय चौरसिया, बबलू चौरसिया सहित मेला समिति के दर्जनों लोग शामिल थे।

**जलाभिषेक** | श्री शिव जी को महाभिषेक के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ

## भक्ति भाव में लीन होकर लोगों ने उड़ाए अबीर-गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के कुकही टोला मुगलजान वासियों ने बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन श्री शिव जी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आचार्य ने यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद उनकी पत्नी आरती देवी से महा अभिषेक कराते हुए सभी श्रद्धालुओं ने शिव पार्वती जी की मंगलाचार किया। शिवजी की आरती व पूजा पाठ के बाद मुगलजान वासियों ने कीर्तन मंडली के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन की शुरूआत की। अखंड कीर्तन में मुख्य रूप से कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, बद्रीनारायण सिंह, मनोज सिंह, सुभाष कुमार, राम अवतार मेहता, सुबोध राज, ललन मेहता, विनोद मेहता, संतोष मेहता, राजेंद्र मेहता, हरि मेहता, कैलाश मेहता, प्रभु मेहता, राजेश मेहता, भोला पासवान, दशरथ पासवान, शिव कुमार सिंह, दिनेश राम, हरि राजवंशी , संतोष सिंह, ढ़ोलक, झाल हरमुनिया, बजाते हुए हरे राम, हरे कृष्ण के धुन से पूरे क्षेत्र गुंजायमान किया। अखंड कीर्तन में इलाके सभी गांवों के भक्तों ने चढ़ बढ़ कर भाग लिया। सभी झुमते हुए भक्ति भाव में लीन होकर रंग अबीर-गुलाल भी खूब उड़ाए। गुरुवार को अखंड कीर्तन की पूणार्हुति व भंडारे के साथ संपन्न कराया जाएगा। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी कीर्तन पार्टी व तमाम नगर वासी श्रद्धालुओं से अपील की कि महा भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें।

## महिलाओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर नौडीहा बजार, नामुदाग, करकटा पंचायत सहित विभिन्न शिवालयों में पूजा के लिए महिलाओं ने कतारा में लग जलाभिषेक किया। नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने पुलिस कर्मियों के साथ मेला में गश्त करते नजर आएं, जिससे शरारती तत्वों कुछ शांति माहौल खराब नहीं कर सके। नौडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनारायण खलको ने मेला में जाकरअसामाजिक तत्वों की गतिविधियां पर विशेष तोर पर निगारनी रखी।

# लातेहार पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप की जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम सदर थाना पुलिस ने एनएच 39 स्थित पहाड़ी ढाबा के पास एक मालवाहक वाहन से भारी मात्रा में शराब जब्त की। शराब की पेटियां वाहन में पत्ता गोभी के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने उक्त वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें शराब की कई दर्जन पेटियां मिली। पुलिस ने तुरंत वाहन को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर थाना प्रभारी दुलर चौड़े ने बताया कि जब्त की गई शराब की गिनती समाचार लिखे जाने तक जारी थी। इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अवैध शराब तस्करी पर सख्त नजर बनाए हुए है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# निर्मला अस्पताल बना ऑग्जिनिम जोड़ लगाने वाला पहला हॉस्पिटल

**ऑग्जिनिम से बने कृत्रिम घुटने का पहली बार सफल प्रत्यारोपण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर ऑग्जिनिम से जोड़ लगाने वाला पहला अस्पताल बन गया है। प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बुधवार को यह सफल ऑपरेशन किया।

पलामू जिले के एक व्यक्ति के बुरी तरह खराब हो चुके घुटने को ऑग्जिनिम से बने कृत्रिम घुटने से बदला गया। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि ऑग्जिनिम एक उच्च गुणवत्ता वाली धातु है, जिसे ऑक्सीडाइज जिकोर्नीयम से विशेष तापमान पर तैयार किया जाता है। इससे बने कृत्रिम जोड़ अधिक टिकाऊ होते हैं और लंबे समय तक खराब नहीं होते। निर्मला अस्पताल में अब तक हजारों जोड़ प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं, लेकिन यह पहली बार है जब पलामू में ऑग्जिनिम से बने घुटने का प्रत्यारोपण किया गया है। इस धातु से बने इम्प्लांट को प्रसिद्ध अमेरिकी कंपनी स्मिथ एंड नेफ्यू ने विकसित किया है, जो सामान्य कृत्रिम जोड़ों की तुलना में अधिक टिकाऊ और प्रभावी है। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि यह उपलब्धि निर्मला अस्पताल को विशेषज्ञ जोड़ प्रत्यारोपण सेंटर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के दिशा निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के द्वारा बुधवार को आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के नवादा एवं दुंदुवा में जागरुक्ता शिविर का आयोजन कर अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, अंजली कुमारी एवं सिता देवी के द्वारा ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल श्रम, डायन भूत प्रथा, गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावि क्रियान्वयन के साथ नालसा द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई। इसके अलावे सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी सभी को विस्तारपूर्वक दी गई।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से मांगा आशीर्वाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ का आयोजन किया और भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं।

शहर के प्रमुख मंदिरों में पूरे दिन भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। रेड़मा कृष्णापुरी स्थित शिव मंदिर और पुलिस स्टेडियम शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई, जिसमें भगवान शिव के रूप में सजे कलाकार नृत्य करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत झ दूध, दही, शहद, गंगाजल और घी से शिवलिंग का अभिषेक किया।




### भव्य सजावट और आस्था का माहौल

शहर के प्रमुख शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया था। रेडमा चौक स्थित कामनापूर्ति शिव मंदिर, पुलिस लाइन के प्राचीन शिव मंदिर, शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर, बुढ़वा शिव मंदिर बारालोटा समेत अन्य शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की। श्रद्धालु ने बताया कि मान्यता है कि महादेव अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर घरों में भी रुद्राभिषेक और अन्य पूजन अनुष्ठान आयोजित किए गए।

# महाशिवरात्रि पर जोड़ ग्राम में मेला, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**● रामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के 38वें अधिवेशन का भव्य आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर में रामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के 38वें अधिवेशन के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रांगण में शिव भक्तों ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया।



भक्तों ने घंटियों और शंख ध्वनि के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रद्धालु महादेव को भांग, धतूरा, बेलपत्र और फल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। यज्ञ कमेटी ने मेला और पूजा-अर्चना की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**रामलीला का मंचन आकर्षण का केंद्र :** महाशिवरात्रि की रात श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली, जनकपुर मिथिला धाम दरभंगा द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है।

# चियांकी में सड़क हादसा: हाइवा की टक्कर से किशोर की मौत



**● स्कूटी सवार दो किशोर दुर्घटनाग्रस्त, एक की हालत गंभीर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार शाम करीब 7 बजे चियांकी में डालटनगंज-रांची नेशनल हाईवे-39 पर तेज रफ्तार हाइवा ने इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार दो किशोरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में 16 वर्षीय अर्णव कुमार उर्फ आयुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक अर्णव, हमीदगंज (पत्थर मिल के पीछे) निवासी धनंजय कुमार का इकलौता पुत्र था और हेरिटेज स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था।

जानकारी के मुताबिक, अर्णव अपने दोस्त के साथ स्कूटी से जोरकट की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा ने टक्कर मार दी। घायल किशोर का इलाज एमएमसीएच में जारी है।

सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है, लेकिन चालक हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

इधर, हादसे की खबर मिलते ही अर्णव के परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंचे परिजन गमगीन माहौल में अपने बेटे की मौत पर विलाप कर रहे थे।

# महाशिवरात्रि पर भक्तों ने किया जलाभिषेक, मेला का भी आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** जिले के विभिन्न इलाकों में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से शिवालयों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस दौरान पांडू प्रखंड के भटवलिया में बांकी नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर के समीप और हिसरा के मां काली मंदिर एवं पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर के समीप भव्य मेला का आयोजन हुआ। शिव भक्तों ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भटवलिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें, भोजपुरी व्यास सुरेन्द्र साहनी ने अपने म्यूजिशियन टीम के साथ गीत-संगीत से शमा बांधा। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिदानंद शुक्ला, पंचायत के मुखिया मदन राम, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, पंसस प्रतिनिधि संतोष कुमार, समाज सेवी उपेन्द्र सिंह, समाज सेवी अजय बैठा, भोला पांडेय, सत्यनारायण सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा, सुरेन्द्र राम, अनीस भारती, रिशु भारती, महेश राम, विनोद राम, उपेन्द्र राम, सुनील शुक्ला, उपेन्द्र मेहता सहित अन्य कई सम्मानित लोग मौजूद थे। मेला में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनन्द लिया। बताते चले कि मेलस में किसी प्रकार के असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन न करें इसके लिए पांडू पुलिस मेला के अंतिम समय तक मौके पर ही तैनात रही।

### भक्ति व श्रद्धा के साथ महादेव की बारात निकली,बारात के स्वागत में जुटे नगरवासी



**हरिहरगंज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार की रात शहर में धूमधाम से गाजे-बाजे, ढोल ताशा के साथ देवों के देव महादेव की भव्य आकर्षक बारात निकाली गई । इसमें नाचते-गाते भूत-प्रेतों की टोली व श्रद्धालुओं का जत्था के साथ वर स्वरूप भगवान शिव की प्रतिमा बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बिहार के पीपरा बगाही से भगवान शिव का बारात चलकर हरिहरगंज शहर होते हुए निकटवर्ती महाराजगंज ठाकुरबाड़ी पहुंची । वहां शिव भक्त श्रद्धालुओं ने बारातियों को फूल-माला के साथ स्वागत किया। रात्रि में पूरे विधि विधान के साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इससे पहले हरिहरगंज शहर में कई सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाकर शिव बारातियों के स्वागत में खीर, मिष्ठान्न, चना, शर्बत आदि का वितरण किया। मेन रोड में पोस्ट आफिस के समीप भाजपा मंडल इकाई द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया । भंडारा को सफल बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, महामंत्री सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, करण राजवीर, अशोक सिंह, अमीत कुमार, दिलीप कुमार, संदीप शौंडिक सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रहे। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान शिव बारात की सुरक्षा में तत्पर रहे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

# हुसैनाबाद में आज लगेगा कैंप कार्यालय, आमजन उठा सकेंगे सरकारी योजनाओं का लाभ

**जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की पहल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन की टीम गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय आयोजित करेगी। उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी आमजन की समस्याओं को सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान करेंगे। इस कैंप कार्यालय के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सीधे उनके अनुमंडल क्षेत्र में ही उपलब्ध कराया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित इस कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हरा राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण, सरकारी भूमि स्थानांतरण और विवाद समाधान जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

प्रशासन के अनुसार, प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर और चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में फरवरी माह का चतुर्थ गुरुवार 27 फरवरी को पड़ रहा है, इसलिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में सुबह 11 बजे से यह शिविर लगाया जाएगा।

उपायुक्त शशि रंजन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं, जिससे जिले के नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सरकारी सेवाएं मिल सकें।

# सीओ हुटर बजाकर मोटर अधिनियम का कर रहे उल्लंघन : सांसद

**नवनी मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय इन दिनों चौक चौराहे पर हुटर बजाकर लोगों के बीच दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। जो केंद्र सरकार के मोटर वाहन अधिनियम 1989 का उल्लंघन है। उक्त बातें सांसद कालीचरण सिंह ने सिमरिया बन्हे निवासी जुगल किशोर सिंह के माता के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के क्रम में पत्रकारों से कही। उहोंने कहा कि केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के तहत सिर्फ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, आरटीओ, डायल 100, पुलिस कंट्रोल रूम और वीआईपी के साथ पायलट कार हुटर और सायरन बजा सकती है। सिमरिया सीओ बेवजह चौक पर लोगों में दहशत बनाने के लिए हुटर का प्रयोग कर रहे हैं। सिमरिया मे आईएएस अधिकारी एसडीओ हैं। परंतु वे कभी भी इस तरह के हुटर का प्रयोग नहीं करते हैं। इनकी हरकत को लोकसभा में उठाकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। सीओ अपने कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जगह बढ़ावा दे रहे हैं। जिस जमीन पर डीसी द्वारा एनओसी दिया गया है, उस जमीन पर बुलडोजर चला रहे हैं और बोर्ड लगाकर अपने कब्जे में करने की बात कर रहे हैं। गैर मजरूआ खास जमीन जिसका माल निर्धारण जमींदार द्वारा 1-1-1946 के पहले से हो रहा है और अभी तक सरकारी रसीद कट रही है। उसे सीओ पहले 4 सीएच के तहत कार्रवाई कर रद्द करने की अनुसंशा कर आगे बढाने का काम करेंगे। बाद में डीसी और कमिश्नर सुनवाई कर संपुष्ट कर राज्य सरकार से संतुष्ट होने के बाद अधिग्रहण कर सकती है। सिमरिया सीओ बिना कार्रवाई के ही जहां हो रहा है वहां मापी कर बोर्ड लगाकर भया दोहन कर रहे हैं। इस तरह के अवैध बंदोबस्त जमीन को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज सकते हैं। ना कि सीधे तौर पर बोर्ड लगाकर अधिग्रहण कर सकते हैं।

# इंटकवेल के बिना अधूरी है शहरी जलापूर्ति योजना : नगर आयुक्त

**● कोयल नदी में इंटकवेल निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेज-दो की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इंटकवेल निर्माण के लिए बुधवार को कोयल नदी में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इससे पहले, 14 फरवरी को योजना के तहत डब्लूटीपी (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण कार्य की शुरूआत हाउसिंग कॉलोनी में हो चुकी है। नगर आयुक्त ने कहा कि फेज-दो योजना शहर के लिए बहुप्रतीक्षित है। फिलहाल जलापूर्ति हो रही है, लेकिन इंटकवेल के बिना यह योजना अधूरी है, जिससे जल आपूर्ति में कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इंटकवेल के निर्माण से शहरवासियों को निरंतर स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा।



### 172.83 रुपये करोड़ की लागत से बन रही है जलापूर्ति योजना

मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेज-दो के तहत 172.83 करोड़ रुपये की लागत से जलमीनारों और डब्लूटीपी का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में आइटीआई मैदान और हाउसिंग कॉलोनी में जलमीनार का कार्य प्रगति पर है।

### युद्धस्तर पर होगा कार्य, बरसात से पहले पूरा करने का निर्देश

नगर आयुक्त ने जुड़को और आरके इंजीनियरिंग को निर्देश दिया कि कार्य को तेजी से पूरा करें और इसे बरसात से पहले पूरा करें। उन्होंने पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता को समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इस अवसर पर जलापूर्ति के नोडल पदाधिकारी नगर प्रबंधक कुमार अनुराग, पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता, जुड़को की डीपीएम सुषमा कुमारी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### अब तक नहीं शुरू हुआ गरीब रथ का ठहराव, रेल उपभोक्ताओं में निराशा

मोहम्मदगंज। स्थानीय स्टेशन से होकर गुजरने वाली रांची-नई दिल्ली 12877/78 गरीब रथ का अब तक ठहराव नहीं मिलने से रेल उपभोक्ताओं में निराशा घर कर गया है।जबकि इस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ होने के साथ ही इसके ठहराव की मांग की जा रही है। कई लोगों ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड सहित सांसद को विभिन्न माध्यमों से भावना से अवगत कराया है। वैसे, 19 फरवरी 2024 को लोस चुनाव से पहले सांसद वीडी राम ने धनबाद में रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में इसका प्रस्ताव भी रखा था। रेलवे बोर्ड और रेलमंत्री के समक्ष भी इसे रखा था।तीसरी बार भी सांसद चुने जाने के बाद भी संसद तक भी इसके लिए आवाज बुलंद किया। रेलवे बोर्ड और रेलमंत्री को दोबारा इसे लेकर मांग की। बावजूद इसके इसका अभी तक प्रतिफल सामने नहीं आया है। जबकि स्थानीय स्टेशन इस ट्रेन के ठहराव की सारी शर्तों और अहर्ता को पूरी करता है। गौरतलब है कि मोहम्मदगंज स्टेशन प्रखंड के 8 पंचायतों के अलावा हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा, उंटारी रोड के सतबहिनी , गढ़वा जिला के मझिआंव के मोरबे, भवनाथपुर , केतार सहित संपूर्ण कांडी प्रखंड के सैकड़ों गांव के लोगों का रेलहेड है। साथ ही बिहार राज्य के सोन नदी सीमावर्ती गांव के लोगों के लिए ट्रेन सुविधा के लिहाज से महत्वपूर्ण स्टेशन है। इन क्षेत्रों की अधिकतम आबादी मजदूर, किसान,मध्यम आय वर्ग की है। जिन्हें इस स्टेशन पर इस ट्रेन को ठहराव मिलने से देश की राजधानी दिल्ली में सर्वसुविधा युक्त एम्स सहित बड़े अस्पताल में इलाज और आस्था की नगरी प्रयागराज, व्यावसायिक नगरी कानपुर सहित अन्य महानगरों में रोजगार, व्यापार और धार्मिक स्थलों तक पहुंचने की सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री टिकट से प्रतिदिन औसतन एक लाख से अधिक राजस्व की प्राप्ति रेलवे को इस स्टेशन से होती है। अब तो स्टेशन विकास के दृष्टिकोण से नए लूक में आ गया है। इस दिशा और भी कई काम हो रहे हैं। होने वाले भी हैं। लोगों का कहना है कि वर्तमान में उक्त ट्रेन का जपला करीब 20 किमी और गढ़वा रोड करीब 30 किमी पर ठहराव है। जहां से ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को निजी अथवा भाड़ा के वाहन पर 1000 से 1500 रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह का कहना है कि सांसद इसे लेकर पूरी तरह से गंभीर हैं। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।

# पत्थर से मारकर युवक को घायल किया



**नवीन मेल संवाददाता**
**खरौंधी।** थाना क्षेत्र अरंगी गांव में मंगलवार की देर शाम में मनोज ठाकुर के 17 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार ठाकुर को गांव के ही एक युवक ने पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीरावस्था में रात्रि में युवक का इलाज स्थानीय स्तर ही एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। बुधवार को इलाज के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाया, जहां पर तैनात आयुष चिकित्सक नीतीश भारती इलाज किया गया। परिजनों ने बताया कि अजीत गांव में ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता है। मंगलवार शाम में एक दुकान में शिवरात्रि का पोस्टर चिपका रहा था। इस बीच गांव के ही श्रवण मेहता का पुत्र रंजन मेहता घर के अंदर से बड़ा सा पत्थर लिए हुए निकला और अजीत के ऊपर चला दिया। उन्होंने बताया कि इस बाबत थाने में लिखित शिकायत की गई है।

# दवा पैकिंग के नाम पर दो युवकों से 47 हजार की ठगी

## ठगों ने सारा पैसा नेटवर्किंग में लगा दिया



**नवीन मेल संवाददाता**
**रमना।** प्रखंड के रमना पंचायत अंतर्गत अमवाटीकर में दो युवकों को दवा उद्योग में दवा पैक करने के काम देने के नाम पर 47 हजार रुपए ठग लिया गया। भुक्त भोगी युवक अक्षय कुमार पिता विंदेशवरी राम, छोटू कुमार पिता थुराई राम ने बताया ने बताया कि साथ में ही पढ़े दोस्त आशीष कुमार ने फोन कर एफएमआईटी इंटरप्राइजेज फिरोजाबाद, दवा कंपनी में बहाली निकला है। उक्त कंपनी में दवा पैक करना है। जितना जल्दी हो आ जाओ नहीं तो बाद में सीट भर जायेगा। आनन-फानन में दोनों युवक 29 जनवरी को ट्रेन से टुंडला स्टेशन पहुंचे। स्टेशन से आशीष कुमार ने दोनों युवक को साथ लेकर कथित कंपनी पहुंचा। यही से पैसे लेने का काम शुरू हुआ, जिसमें दोनों युवकों को खाने के लिए 13,500 लिया। इस पैसा को युवकों ने घरवालों से मांगा कर नकद दिया। इसके कुछ दिन बाद फिर से रहने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई। इसके बाद युवकों ने फिर से घर वालो से पैसे मांगा कर दिया। पैसे देने के बाद दोनों युवको को फोन कर अपने दोस्त और रिस्तेदारों को बुलाने के लिए कहा गया। रोज केवल मोटिवेशनल भाषण दिया जाने लगा। बताया गया कि लोगों को बुलाने पर ही पैसा मिलेगा, नहीं तो नहीं मिलेगा। जब उक्त युवकों ने नेटवर्किंग का काम करने से माना किया और पैसा मांगा तो डराया धमकाया जाने लगा। साथ ही घर नहीं लौटने दिया जा रहा था। इसकी सूचना फोन द्वारा युवकों ने घरवालों को दिया। इसके बाद घरवालो ने पुलिस में मामला दर्ज कराने की बात करने पर दोनों युवकों को घर जाने दिया गया।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

**धुरकी।** महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। जलार्पण के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। धुरकी प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालय में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लगे पारंपरिक शिवरात्रि मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यालय स्थित प्राचीन शिवालय सहित सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने पूजन-अर्चन कर शिव से अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा। ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में स्थानीय कीर्तन मंडलियों द्वारा शिव भजन प्रस्तुत किया गया। बाबा शिव मंदिर में प्रातः से ही महिलाओं की कतार लगी थी। पारंपरिक सांस्कृतिक गीत व भजन कीर्तन के बीच महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाया।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 ग्राम गहिड़ी में नवनिर्मित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडित दामोदर पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा के लिए वृहद रूप से पूजा-अर्चना व जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कराया गया। भगवान शिव का वैवाहिक कार्यक्रम के लिए हल्दी रस्म भी परंपरागत रूप से कराया गया। इसके पश्चात भगवान शिव को बैंड बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान बाराती के रूप में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। नगर भ्रमण तत्पश्चात देवों में देव महादेव भगवान शंकर को प्राण प्रतिष्ठा कर नवनिर्मित शिव मंदिर में स्थापित किया गया। भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम श्रीश्री 1008 श्री भास्कर दास उर्फ भारत कुशवाहा एवं राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के देख रेखा में समापन कराया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर कमेटी द्वारा महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान आस्था और भक्ति के बीच श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखा गया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षिका सत्या दुबे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, मारुति नंदन सोनी, पूर्व वार्ड पार्षद वीणा देवी, बलराम मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

# आस्था के साथ शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया



**नवीन मेल संवाददाता**
**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र के इलाकों में महा शिवरात्री के मौके पर शिवभक्तों द्वारा हर-हर महादेव के नारों से गुजंता रहा। प्रखंड के जनेवा, जोगियामढ़ मंदिर, हरता गांव स्थित पहाड़ी मंदिर, मरदा शिव मंदिर सहित प्रखंड मुख्यालय के अतिप्राचीन जोगियामढ़ मंदिर में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजा अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने जोगियामढ़ मंदिर परिसर में आयोजित मेले का भी लुफ्त उठाया। मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक दुकानें लगाई गई थी, जिसमें लोग खरीदारी करते हुए देखे गए। पूजा कमेटी द्वारा मंदिर को विशेष तौर पर तरह सजाया गया था। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जयकुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रकांत प्रजापति, सचिव देवेन्द्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष उदय मुंडा, सदस्य अनिकेत उरांव, कर्मवीर मुंडा, पंकज प्रजापति, विजय सिंह आदि का नाम सराहनीय है।

### मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। लंगरकोट गांव के श्रद्धालुओं ने मुरली पहाड़ी पर अवस्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। आशुतोष धाम मंदिर से शिव की बारात निकाली गई। इस मुरली पहाड़ी लंगरकोट महाकालेश्वर शिव धाम परिसर में सैकड़ों महिला, पुरुषों ने शिवलिगं पर जलाभिषेक किए। शिव शक्ति नगर शिव मंदिर, बराही धाम, ऊपरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, देवरी व देवरी खुर्द शिव मंदिर, मंगलडीह शिव मंदिर, हुसैनाबाद थाना परिसर स्थित शिव मंदिर आदि क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा विशेष तौर पर मंदिर की सजावट की गई थी।

# हाथियों ने रौंदकर फसलों को किया बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता**
**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरिया पंचायत में हाथियों के झुंड ने खेतो में लगे गेहूं, चना, जव के फसल को खाने के बाद अपने पैर से रौंद कर नष्ट कर दिया। किसानों ने बताया कि मंगलवार की मध्य रात्रि हाथियों के झुंड ने रवि फसल से लहलहा रहे खेतों में फसलों को खाने के बाद पैरों से रौंद दिया। प्रभावित किसान सहबिर भुइयां ने बताया कि हाथियों का अब हमारा गांव संपूर्ण रूप से आशियाना बन चुका है। हाथियों का झुंड लगातार कनहर तटीय गांवों में वर्षों से विचरण करते हैं और समय-समय पर फसलों को भी चट कर जाते हैं। रवि फसल सहित सभी फसलों को खा कर बर्बाद करते रहते हैं। कभी-कभी ग्रामीण भी हाथियों की चपेट में आते जाते हैं। प्रभावित किसानों ने वन विभाग को सूचित कर दिया है। वन विभाग लगातार हाथियों से बचने के लिए ग्रामीणों को जगरूक कर रहा है। वन क्षेत्र अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा रवि फसलों को नष्ट किए जाने की जानकारी मिली है। प्रभावित किसानों से आवेदन लिया जाएगा।

# गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हवन यज्ञ व शिव मंदिर में रुद्राभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**
**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव नगर पंचायत के खजूरी गांव के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर परिसर में 24 फरवरी से चल रहे नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को हवन यज्ञ एवं दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुआ। साथ ही शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से आये विद्वान आचार्य सच्चिदानंद तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर दीक्षा संस्कार के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि गायत्री परिवार की दीक्षा सूक्ष्म रूप से विद्यमान गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य खुद दिला रहे हैं। हम तो बस एक माध्यम भर हैं। उन्होंने कहा कि कालांतर में विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारी सनातन संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया। गुरुदेव ने गायत्री महामंत्र को सबके लिए सुलभ बना दिया है। इसका जप करने से उसके घर मे अकाल मृत्यु नही होती है। यह महामंत्र कामधेनु के समान है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान खजूरी, बिरबंधा, बकोईया, आमर, लकड़ही, बोकेया एवं मझिआंव सहित आधा दर्जन गांवों सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा हवन यज्ञ किया गया।

### गायत्री परिवार का दीक्षा ग्रहण किया

सोनाक्षी कुमारी, पिता जितेंद्र कुमार, सपत्नीक अखिलेश विश्वकर्मा, सपत्नीक प्रशांत कुमार सिंह, सपत्नीक धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा, राधिका देवी पति उपेन्द्र मेहता, प्रवीण कुमार शर्मा,सपत्नीक वार्ड पार्षद प्रमोद पाल,रूपंजली कुमारी पिता कन्हाई मेहता, सरला कुमारी पिता देवधारी महतो, प्रियंका कुमारी पिता मोहन मेहता,सपत्नीक मुंद्रिका पाल, सपत्नीक मुखलाल यादव, अमृता कुमारी पिता विजय नंदन पासवान संजू देवी, सपत्नीक कंचन कुशवाहा द्वारा गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण की गई. और सदाचार का संकल्प लेकर युग परिवर्तन की इस बेला में खुद को बदलने का संकल्प लिया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**
**श्री बंशीधर नगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मुख्य यजमान के रूप में नगर पंचायत की पूर्व उपाध्यक्षा लता देवी द्वारा भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में आचार्य कौशलेंद्र झा तथा आचार्य हिमांशु झा के द्वारा कलश स्थापन, गौरी-गणेश पूजन, महादेव पूजन, लक्ष्मी- सरस्वती पूजन, इन्द्रादिक दशदिक्पाल आवाहन, नवग्रह पूजन, कूर्म देवता, नाग देवता, वास्तु पुरूष आदि देवी-देवताओं का षोडशोपचार पूजन वेदध्वनि के साथ किया गया। हवन, आरती तथा नारिकेल स्फोटन पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, स्थानीय प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, संकुल संयोजक अरविंद सेंगर, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, पूर्व गढ़वा जिला संघचालक विद्या सागर,सदस्य संजीव कुमार सिंह, सदस्य अशोक कुमार सिंह, सहसचिव चंदन कुमार ,केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, भवनाथपुर बाजार के प्रधानाचार्य जयन्त कुमार, भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य शिव बालक सिंह,अभिभावक दिलेश्वर सिंह, कमलेश कुमार पांडेय ,भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के द्वारा किया गया। स्थानीय विद्या मंदिर की बस वाहन क्रय में कंपनी से 15 लाख सहयोग दिलाने के लिए अवधेश प्रसाद को पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल द्वारा अंग वस्त्र,रामचरितमानस पुस्तक, श्रीफल और आकर्षक स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। अरविंद सेंगर द्वारा अध्यक्ष जोखू प्रसाद को भी अंग वस्त्र, श्रीफल, रामचरितमानस एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सत्येंद्र प्रजापति, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, अंकित जैन, उमेश कुमार, प्रसून कुमार, आरती श्रीवास्तव सहित अन्य महती भूमिका निभाई।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर

**मेराल।** शादी समारोह से लौट रही कार का टक्कर सड़क किनारे खड़े कंटेनर से हो जाने से चालक सहित दो व्यक्ति घायल हो गए। घटना बुधवार की है। घायलों में गाड़ी चला रहे मेराल निवासी रितेश भगत तथा मुन्ना प्रसाद गुप्ता शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यवसायी मुन्ना प्रसाद गुप्ता परिवार के साथ शादी समारोह में हैदरनगर गए थे। शादी के बाद लौटने के क्रम में घर से महज 2 किलोमीटर पहले एनएच 75 पर लगमा व अकलवानी के बीच सड़क किनारे खड़ा कंटेनर से कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में मुन्ना प्रसाद तथा गाड़ी चला रहे शिक्षक रितेश भगत जख्मी हो गए। मुन्ना की पत्नी, बेटा, बेटी सुरक्षित है। दुर्घटना के बाद मुन्ना का पुत्र मयंक ने फोन कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद घर के लोग तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे तथा इलाज के लिए घायल रितेश एवं मुन्ना को सदर अस्पताल गढ़वा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना की चोट की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। रितेश का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## भक्ति

# एक दिवसीय मेला के साथ भजन कीर्तन का आयोजन

## धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व, भक्तों ने आस्था से किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**
**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि महापर्व धूमधाम से मनाया गया। शिव पहाड़ी गुफा के पास दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया था। कड़िया राज बाबा पहाड़ी पर एक दिवसीय मेला के साथ-साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मेले को लेकर दोनों जगहों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृवत में दोनों जगहों पर पुलिस तैनात रही। पूजा को सफल बनाने में शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव राम विजय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, बबन साह, लाल बहादुर साह, सकेंद्र साह, अरुण साह, ओम प्रकाश आर्य, मोहन साह, विजेंद्र नाथ वैद्या, विनय साह, सुरेश ठाकुर सहित कई लोग लगे है।

**कड़ियां राज बाबा लोगो का करते हैं मन्त पूरा :** कड़ियां राज बाबा भवनाथपुर - श्रीबंशीधर नगर सिमा पर लगभग तीन सौ फीट की ऊँचाई के पहाड़ी पर स्थित हैं लोगो का मानना है कि कड़ियां राज बाबा भवनाथपुर के सिमा पर क्षेत्र का सुरक्षा करते हैं लोगो का मानना है कि यहां मन्त मांगने पर कड़िया राज बाबा भक्तों का मन्त को पूरा करते है सालों भर लोग यहां पूजा करने आते रहते हैं पर शिवरात्रि एवं सावन में लोगो का विशेष रूप से आते हैं और पूजा पाठ करते हैं एवं अपने सुख- शांति का कामना करते हैं।

### शिव पहाड़ी बाबा पर लोगों की है आस्था

शिव पहाड़ी गुफा में बसे भोले नाथ पर लोगो की खूब आस्था है लोग शिवरात्रि महापर्व के औसर पर भूखे व्यासे घंटो लाइन में लग कर गुफा के अंदर प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हैं और अपने सुख शांति का कामना करते हैं। लोगो का कहना है कि 200 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति को भगवान भोलेनाथ के स्वप्न में कहा था कि वे शिव पहाड़ी के गर्भ में बसे है।उनका पूजा अर्चना किया जाए।उस व्यक्ति ने काफी खोजबीन के बाद इस गुफा का पता लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षो से श्रद्धालु गुफा में उतरते हैं लेकिन आज तक कोई दुर्घटना नहीं हो सकी है।गूफा में प्रवेश के बाद आप पहाड़ी के तलहटी में करीब डेढ़ सौ फीट नीचे पहुंच जाते हैं। बाहर से पूरी तरह ठोस दिखने वाला यह पहाड़ अंदर से एकदम खोखला है। जो गुफा का रूप ले लिया है। शिव पहाड़ी की गुफा के बीच में स्वतः निर्मित भगवान भोलेनाथ का लिंग है।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो नेताओं ने निर्माणाधीन कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण किया

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय महदेइया ग्राम में समग्र शिक्षा अभियान के तहत लगभग चार करोड़ की लागत से बन रहे कस्तूरबा विद्यालय, छात्रावास और स्टाफ का आवास निर्माण में घटिया मटेरियल का प्रयोग किए जाने के कारण भवन के कई हिस्सों में दरार के साथ छत रिसाव होने लगा है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक को घटिया निर्माण की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर विधायक के निर्देश पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी के उपस्थिति में झामुमो कार्यकर्ता ने बुधवार को निमार्णाधीन कस्तूरबा विद्यालय पहुंच भवन की स्थिति का जायजा लिया। घटिया निर्माण का विभागीय जांच के बाद कार्य कराए जाने की बात कर कार्य बंद करा दिया। इस दौरान झामुमो नेता ताहीर अंसारी ने बताया कि पूरे भवन में संवेदक द्वारा घटिया मेटेरियल का प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव को दी। इसके आलोक में भवन की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भवन निर्माण में अनियमितता बरती गई है, उससे इस विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ बड़ी घटना घट सकती है। मौके पर झामुमो नेता सुदेश्वर राम,दादुल सिंह,मिंटू कुमार,बंगाली सिंह, गड्डू कुमार,श्रवण सिंह,सूर्यदेव राम, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिवालयों में भक्तों ने किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव के जयकारे से गुजंता रहा क्षेत्र

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा की चारों ओर धूम रही। भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक, कीर्तन भजन का आयोजन और महायज्ञ किया गया। कई स्थानों पर भक्तों ने ध्वजारोहण का कार्य भी किया। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। शिवालयों में हर-हर गंगे हर-हर भोले की आवाज गूंजता रहा। प्रखंड के मंगरदह महादेव पर जलाभिषेक को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गया था। प्रखंड के लवाही गांव में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन को लेकर श्री श्री 1008 श्री गुरु द्रोणाचार्य महाराज की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्य किया गया। गांव के पंचायत सचिवालय स्थित कुसुनिया घुरघुटी पर किए गए ध्वजारोहण कार्य में प्रमुख रूप से पंचायत के मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, यज्ञ कमेटी के सह सचिव ओम पांडेय, कोषाध्यक्ष लाला पासवान,अनिल प्रसाद गुड्डू ,सुरेश प्रसाद, नवरंग पासवान ,प्रदीप गुप्ता, शिवनारायण यादव ,बिहारी पासवान ,जनेश्वर ठाकुर, मंदीप विश्वकर्मा,रामकुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद झंडा के पुजारी बंधन शाह शामिल रहे। इससे पहले उक्त लोगों की उपस्थिति में गाजा बाजा के साथ झंडा को गांव में भ्रमण कराया गया। यज्ञ झंडा भ्रमण के दौरान गांव के बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद ने बताया कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 5 दिन का होगा। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल को यज्ञ के लिए जल यात्रा निकाली जाएगी। 5 अप्रैल से यज्ञ पूजा की शुरूआत हो जाएगी। 9 अप्रैल तक यज्ञ का संचालन होगा। उस दिन यज्ञ की पूणार्हुति भी होगी।

### महाशिवरात्रि पर अखंड कीर्तन का आयोजन, शिवालयों में लगी रही भीड़

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला-पुरुष, युवक-युवतियां पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ उपवास रखकर भगवान शिव का पूजा अर्चना,जलाभिषेक तथा रुद्राभिषेक किया। बुधवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। विशेष कर महिला तथा युतियां भगवान शंकर एवं पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाते दिखे। कई गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड कीर्तन हुआ एवं श्रद्धालुओं द्वारा शिवालय को सजाया गया। मेराल थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में थाना प्रभारी विष्णु कांत एवं अन्य पदाधिकारियों ने पूरी भक्ति भावना के साथ पूजा अर्चना करने के बाद रुद्राभिषेक किया। आचार्य संत प्रकाश मिश्रा ने वैदिक विधि से पूजा कराया। मौके पर थाना परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए तथा महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को संपन्न कराने में बलराम शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, जहूर रंग साज, संजय प्रसाद के साथ थाना परिवार के लोग शामिल थे। इस अवसर पर एसआई प्रेम प्रकाश पांडेय, दिनेश मुंडा अरविंद साहू, राजू दुबे, अरविंद यादव, मदन प्रसाद, विजय यादव, मुन्ना राम, संजय प्रसाद, डॉक्टर लालमोहन, रुपू महतो, बबलू सिंह, गुड्डू सिंह, पूर्व मुखिया वाल्मीकि चौबे, मुखिया अजीज अंसारी, खालिद खान, हकीक खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### जलमीनार खराब होने से दुकानदारों व राहगीरों को रही पानी की परेशानी

**केतार।** केतार मुख्य पथ कर्पूरी गेट के समीप बाजार स्थित जलमीनार खराब हो जाने से व्यवसायियों व राहगीरों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां सड़क किनारे लगे जलमीनार में तकनीकी खराबी आने के बाद दुकानदारों द्वारा स्थानीय प्लम्बर मिस्त्री से बनवाने का प्रयास किया गया। जलमीनार ठीक नहीं हो सका। इसके कारण जलमीनार में लगे सोलर पैनल सहित अन्य सामानों की चोरी होने के भयवश खोलकर स्थानीय दुकानदारों द्वारा सुरक्षित रखा गया है। प्रतिदिन दोपहर में बढ़ती गर्मी के बाद दर्जनों लोग उक्त जलमीनार के पास पानी पीने की आस लेकर जाते हैं, परंतु जलमीनार खराब देखकर उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है की कर्पूरी गेट के समीप यह एक मात्र जलमीनार है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को पेयजल उपलब्ध होता है। बढ़ती गर्मी में पेयजल का संकट उत्पन्न हो जायेगा। स्थानीय दुकानदारों ने जनप्रतिनिधियों से उक्त खराब जलमीनार को बनवाने की मांग की है।

### धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि महापर्व, निकली भव्य झांकी

**खरौंधी।** प्रखंड में शिवरात्रि महापर्व बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह श्रद्धालुओं ने अपने नजदीकी शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर भगवान शंकर और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए भक्तों ने मन्नतें मांगी। महापर्व के अवसर पर राजी गौरी शंकर मंदिर, सिसरी सूर्य मंदिर, खुरधन पहाड़ी शिव मंदिर, हनुमान मंदिर करिवाडीह और मझिगावां हनुमान मंदिर,शिव मंदिर उपरलाटोला में भव्य मेले का आयोजन किया गया। पूजा कमेटियों ने भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह की झांकी निकाली, जिसमें श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष लगाया। राजी में शिव-पार्वती विवाह अनुष्ठान। राजी पूजा कमेटी के नेतृत्व में भगवान शिव और मां पार्वती की झांकी निकाली गई, जो राजी बस्ती होते हुए गौरी शंकर मंदिर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। इस तरह सिसरी में भी झांकी निकाल कर गांव में भ्रमण करवाया गया और मंदिर में विवाह की रस्म पूरी की गई। श्रद्धालुओं मेला में खरौंधी, चंदनी, सिसरी, करीवाडीह, सुंडी, अरंगी, कूपा, अमरोरा, मझिगावां, बजरमरवा, झुरीबांध समेत यूपी के देवाटन, खेतकटवा, घघिया, मिश्री, बरवाखाड़, डोमा, चांची कला से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। राजी मेला के आयोजन में पूजा कमेटी अध्यक्ष नंदकिशोर मेहता, उपाध्यक्ष शशि पासवान, सचिव कामेश्वर पासवान, कोषाध्यक्ष सचिंद्र मेहता, सत्य नारायण चौधरी, संरक्षक नरेश पासवान, भगवान दत्त मेहता, राजकुमार मेहता, दीनानाथ चौधरी, राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, लालदेव पासवान, रामचंद्र मेहता, रामचंद्र पासवान, आदित्य गुप्ता, राजेश मेहता, छोटेलाल विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।पूरे आयोजन के दौरान खरौंधी पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से व्यवस्था सुचारू रही और श्रद्धालु शांति और उल्लास के साथ शिवरात्रि महापर्व में शामिल हुए।

# 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा शिवालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** महा शिवरात्रि के मौके पर शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने व परिवार के सुख शांति की कामना की। वहीं हर हर महादेव के जयघोष से गुंजा क्षेत्र के शिवालय। बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह चार बजे महा रुद्राभिषेक पूजा प्रारंभ हो गयी थी। पंडित मनोज दास के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन किया। साढ़े पांच बजे से मंदिर का पट खोल गया। इसके बाद मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गयी। पुलिस बल को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई बार मशक्कत करनी पड़ी। शिवरात्रि के साथ ही बाजारटांड़ में लगने वाला वार्षिक मेला प्रारंभ हो गया। शहर के धर्मपुर स्थित शिव मंदिर, सोमेश्वर शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन व लघु सिंचाई विभाग स्थित शिव मंदिर, जुबली चौक, बिजली आफिस व मंडल कारा के शिव मंदिरों के अलावा राजहार पंचमुखी हनुमान मंदिर, शिव परिवार मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने मौके पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना की। साथ ही अपने परिवार और समाज के सुख और शांति के लिए भगवान शिव और माता पार्वती से आशीर्वाद मांगा।



## गर्म जल कुंड व देवी स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का मामला सदन में उठाया

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने गिद्धौर प्रखंड के गर्म जल कुंड बलबल व पत्थलगड्डा के देवी स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का मामला विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाया। उन्होंने बलबल व देवी स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के साथ-साथ पर्यटक स्थल की दर्जा देने व सभी तरह की सुविधा मुहैया कराने की मांग किया। उधर सरकार की ओर से जवाब देते हुए बताया गया कि बलबल को पर्यटक स्थल की सी श्रेणी में रखा गया है।जबकि पत्थलगड्डा के देवी स्थान को भी जल्द पर्यटक स्थल की दर्जा देने का आश्वासन दिया गया है। बलबल व पत्थलगड्डा के देवी स्थान को पर्यटक स्थल की बी श्रेणी में रखने की मांग किया है। ताकि इसका विकास सीधे तौर पर सरकार द्वारा किया जा सके। विधायक के द्वारा बलबल व देवी स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर विधान सभा में मामला उठाएं उठाने पर ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बालूमाथ।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड अंतर्गत शिवालयों पर भीड़ देखी गई। महावीर मंदिर, बड़का बालूमाथ स्थित शिवमन्दिर,टमटम टोला स्थित शिव मंदिर,ब्लॉक शिवालय सहित गांव गांव में स्थित शिवालयों पर भारी संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करते नजर आए। इस दौरान शिव भक्तों में काफी उत्साह देखी गई। बालूमाथ आदर्श नगर स्थित शिव मंदिर का वर्षगांठ के अवसर पर सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने मकइया टांड़ स्थित नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर शिव मंदिर में स्थापित किया। श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसे लेकर बालूमाथ पुलिस प्रशासन सक्रिय रही।



## महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

● पशु मेला में पशुओं की हुई खरीद-बिक्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने महादेव मठ के गुफा मे शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महादेव मठ में आयोजित पशु मेला में करोड़ों रुपए में पशुओं की खरीदी-बिक्री हुई। मेला में बड़ी संख्या में पशु प्रेमी और किसान पहुंचे थे। उन्होंने अपनी आवश्यकता के अनुसार पशुओं की खरीद-बिक्री की। शिवरात्रि पूजा के अवसर पर पर्यटक स्थल महादेव मठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से यह स्थल एक बड़े धार्मिक पर्यटक के रूप दिखा। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। पूजा करने के उपरांत उन्होंने सूर्यकुंड मंदिर निर्माण के लिए मेला ठेकेदार मनोज यादव, लवकुश गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने सामूहिक रूप से शिलान्यास किया। मौके पर कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व मे कुंदा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रही। महादेव मठ कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी-लोहरदगा रेलवे ट्रैक पर गुरीटांड़ स्थित ओवरब्रिज के समीप बुधवार को एक युवती ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती की पहचान मंजू कुमारी पिता कमलेश उंराव आरागुंडी (लातेहार) के रूप में हुई है। युवती बचपन से मूक बधिर है और वर्तमान में वह अपने माता पिता के जगराहा में किराए के मकान में रहती है। युवती को ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के किनारे बेहोशी की हालत में देखा। इसकी सूचना अधिकारियों को दी। घायलावस्था में युवती को ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजा गया। वहां डॉ. प्रकाश बड़ाईक की देख रेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार युवती संभवतः टोरी-रांची मेमो ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुई है।

## पांच साल पूर्व एप्रोच पथ बह जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

▸▸ विधायक व उपायुक्त की पहल पर बनाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय से परहाटोली के आधा दर्जन ग्रामों को जोड़ने वाली रामपुर नदी पर बना पुल एप्रोच पथ पांच साल पहले भारी बरसात में बह चुका है, लेकिन उसे अभी तक दुरुस्त करने की कोई कवायद नहीं की गयी। पुल का अप्रोच के बह जाने से विश्रामपुर, शाहपुर, डुम्बरडीह, चुटिया, उदालखांड़ नगर, प्रतापपुर कीता और कुरो कला गांव के लोग प्रभावित है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। उन्हें प्रतिदिन नदी से गुजर कर स्कूल जाना और आना पड़ता है। आधा दर्जन गांव के सैकड़ों बच्चे प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के लिए आते हैं। पैदल या साइकिल से आवागमन करते हैं। इस रास्ता के इस्तेमाल करने से स्कूल और कॉलेज की दूरी बहुत कम होती है। समय की बचत होती है। बच्चों ने बताया कि अगर दूसरे रास्ते से मुख्यालय आये तो आठ किलोमीटर का दूरी तय करना पड़ता है। इस रास्ते से स्कूल आने के लिए दो या तीन किलोमीटर तय करना पड़ता है। बच्चों ने विधायक व उपायुक्त से पहल कर एप्रोच को बनाने की मांग की है, ताकि स्कूल कॉलेज आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। कीता गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चार साल से जब बरसात आता है, तो पुल का एप्रोच बह जाता है। फिर श्रमदान कर मिट्टी डाल कर बनाया जाता है। हमेशा के लिए मजबूत बने इसे लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक को भी कई बार लिखित आवेदन दिया है, पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुबह से ही लगने लगी थी कतारें

**चतरा/पत्थलगड़ा/मयूरहंड।** महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को जिला मुख्यालय के साथ सभी प्रखंड़ों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धार्मिक मान्यता है कि आज ही भगवान भोलेनाथ का माता पार्वती से विवाह हुआ था। जिले के शिवालयों में सुबह से ही भजनों की गूंज के साथ पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दिव्य श्रृंगार किया। सुबह महाआरती के साथ विशेष पूजा की गई। भक्तों ने भगवान शिव को दूध, पंचामृत, फल और पुष्प अर्पित करने के साथ धतूरा, बिलपत्र, दूब, अबीर, गुलाल, भस्म, कनेर और गुड़हल के फूल भी चढ़ाए गए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी प्रमुख मंदिरों में पुलिस तैनात रही। भक्तों का मानना है कि शिव की आराधना से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। गिद्धौर प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर, कालेश्वरी शिव मंदिर के साथ सलगा, कटघरा, गांगपुर, बलबल, पेक्सा व बारिसाखी आदि शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। वही मंदिर कमिटी के लोग भी श्रद्धालुओं को सहयोग करने के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं की।

## शिवरात्रि के अवसर पर समाज सेवी ने लगाए पौधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने शिवरात्रि के दिन भगवान शिव के ध्यान ज्ञान और नवनीकरण के मूल्यों के अवसर पर गाड़ी गांव मे 41 पेड़ लगाए। वहां निर्मल सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, भरत प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद,बैजनाथ प्रसाद सहित कई महिलाओं ने भी पेड़ लगाने में सहयोग किया। समाज सेवी झूलन ने कहा कि भगवान शिव सभी के भगवान हैं। आज फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि है। महाशिवरात्रि पर पूजा व जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त है। ईश्वर सिर्फ पूजन से ही खुश नहीं होते। अच्छे कर्म करने की आवश्यकता है। मनुष्य को बेहतर जीवन जीने के लिए पर्यावरण, ऑक्सीजन, जल, जड़ी बूटी औषधि सहित अन्य चीजों के बिना जीवन नहीं जी सकते हैं। भगवान शिव सामाजिक प्राणी मनुष्य, जीव जंतु, पेंड़ पौधे सहित सभी की बातों को सुनते हैं और महसूस करते हैं। इंसान के लिए कर्म ही पूजा है। दिन प्रतिदिन पेड़ों की जोरों से कटाई के कारण काफी नुकसान हो सकता है। इसलिए जितना पेड़ कट रहा है। उतना से भी अधिक आने वाले पीढ़ियों जीव जंतु, कृषि उत्पादन,अच्छी वर्षा, न्यूनतम तपमान के लिए पेड़ लगाना जरुरी है। क्षेत्रवासियों से हर पर्व, त्यौहार, शुभ कार्य में अधिक पेंड़ लगाने की आवश्यकता है।

## मेला और बाजार से रोजगार का बाजार उपलब्ध होता है : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** मेला और बाजार से जहां रोजगार उपलब्ध होता है, वहीं गांव की सुंदरता बढ़ती है। यहां तक की किसानों को आसानी से बाजार उपलब्ध होता है। मेला और बाजार से सीधे तौर पर किसानों को लाभ होता है। वैसे में मेला और बाजार काफी महत्वपूर्ण है। उक्त बातें सांसद कालीचरण सिंह बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी परिसर में महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मेला में आने वाले पशु व्यापारियों के साथ-साथ सैलानियों की सुविधा पर विशेष नजर रखने का आग्रह मेला समिति से किया। इसके पहले सांसद कालीचरण सिंह, विधायक कुमार उज्ज्वल ने कौलेश्वरी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने-अपने क्षेत्र की उज्जवल भविष्य की कामना किया। इसके बाद मेला का विधिवत उद्घाटन सांसद व विधायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। विधायक कुमार उज्ज्वल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा किसी भी त्यौहार के मौके पर मेला और बाजार लगना कार्यक्रम में चार चांद लगा देता है। मेला और बाजार से रोजगार के साथ-साथ किसानों का बाजार उपलब्ध होता है। उन्होंने मेला के विकास पर यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मेला उद्घाटन के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव,अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,मेला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा,मुखिया निर्मला देवी,मंदिर प्रबंध समिति का अध्यक्ष परनाथ दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,जिला सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार पासवान, महावीर दांगी,सुनील कुमार राणा, संतोष कुमार दास राजेश कुमार दांगी,बैद्यनाथ पांडेय सहित थे।

## ब्रह्मादेवता टोला में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान



▸▸ मैट्रिक व इंटर के विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा टोला ब्रह्मादेवता में लगे ट्रांसफार्मर एक माह से खराब होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण भोला राम, पूरन राम, सुनील कुमार, श्याम उरांव,अमित उरांव,केदार राम, पिंटू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि इस टोला में 28 घर की संख्या में लोग निवास करते हैं। ट्रांसफार्मर एक माह से खराब हो जाने से हम सभी ग्रामीणों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। अभी मैट्रिक व इंटर की परीक्षा चल रही है। जिससे घर में बिजली नहीं रहने से विद्यार्थियों को तैयारी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थी अंधेरे में पढ़ने को मजबूर व बेबस है। साथ में फोन चार्ज व अन्य दैनिक कार्य के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। उपस्थित ग्रामीणों ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड लातेहार के सहायक विद्युत अभियंता से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

धूमधाम से निकली शिव बारात, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## धार्मिक व सामाजिक एकता का प्रतीक है शिव बारात : पूर्व मंत्री

● हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा

● विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी के निर्देश पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार की शाम शहर के बाजार टांड़ प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से भव्य शिव बारात निकाली गई। मंदिर समिति के संरक्षक व पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम तथा समिति के अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह शिव बारात बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शिव बारात पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ शहर के थाना चौक, शहीद चौक, जुबली चौक, धर्मपुर, समाहरणालय गेट और ब्लॉक होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण लौटी। शिव बारात में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो गया। इस दौरान शिव-पार्वती की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें भूत-प्रेत, नंदी और शिव के अन्य गणों की झलक भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से शिव बारात का स्वागत किया और हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक सह पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष भव्य और दिव्य शिव बारात का आयोजन किया जाता है, जिसमें नगरवासियों का सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शिव बारात के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी के निर्देश पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मौके पर थाना प्रभारी दुलर चौड़े दल-बल के साथ मुस्तैद रहें।

## न्यूज बॉक्स

### श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। काफी लोगों ने अपनी गाड़ी का पूजा कराया और शिवलिंग की पूजा अर्चना की। ईनातू, उद बीड़ीर, चुकू नवतार, कटंग, पुरानी हेरंहज समेत अन्य गांव के श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना किया। मुख्य पुजारी अखिलेश पांडेय व भारत पांडय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के बासकरचा पुलिस कैंप के पास बाइक पेड़ में टक्कर मारने से दो लोग घायल हुए। घायलों की पहचान प्रिंस कुजूर और सलेन्दर कुजूर के रूप में हुई है। घटना टांगीनाथ धाम से वापस महुआडांड़ आने के क्रम में बोढ़ाकोना कुरूद घाटी के पास दो बाइक की टक्कर होने से देवचरण बड़ाईक और प्रशांत भगत घायल हो गए। देवचरण को डॉक्टर रवि उरांव द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। तीसरी सड़क दुर्घटना नेतरहाट थाना क्षेत्र के नेतरहाट मोड़ के समीप हुई। इसमें मोटरसाइकिल सवार ने पेड़ में टक्कर मार दी। इससे रिमन उरांव गंभीर रूप से घायल हुए। अनिल असुर को भी चोट लगी। नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने दोनों घायल को ऐंबुलेंस से इलाज के लिए बिशनपुर गुमला अस्पताल भेजा। दोनों बाईक से चैनपुर गुमला जा रहे थे।

### पागल कुत्ता के काटने से बच्ची समेत 2 जख्मी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर से सटे तिलैयाटांड मुहल्ले में बुधवार सुबह एक पागल कुत्ता ने झामुमो नेता मो. सरफराज के तीन वर्षीय बच्ची अदिबा परवीन,बेटा मो. इरफान, भाई मो. शाहिद पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कुत्ता के हमले में अदिबा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक एक पागल कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया और बच्ची के गले को दबोच लिया। परिवार के अन्य सदस्य बच्ची को बचाने गये तो कुत्ता ने उन पर भी हमला कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने पागल कुत्ता को मार डाला। तीनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया। बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू समेत बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर घायल बच्ची को रिम्स भेजने में मदद की। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा ने बताया कि फरवरी माह मे अब तक 88 नए लोगों को एंटी रेबीज इंजेक्शन दिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में अस्पताल में इंजेक्शन उपलबद्ध है।

### शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर भक्त मंदिरों में भोलेनाथ का दर्शन करते दिखे। प्रखंड के शिवालयों में श्रद्धा का ज्वार उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव के जयकारे के साथ देवाधिदेव के सामने हाजिरी लगाई गई। शिवालयों में बड़ी संख्या में भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। ग्रामीण क्षेत्रों में हर जगह शिवरात्रि को लेकर शिवभक्तों में उत्साह दिखा। देवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिरों पर साज-सज्जा के अलावा धार्मिक कार्यक्रमों के इंतजाम किए गए। चंदवा के शिव मंदिर बुधबाजार, थानाटोली, गुलाइची धाम,वनशक्ति, ब्राह्मणी, रामपुर, महादेव मंडप समेत अन्य मंदिरो में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। संध्या में शिव पार्वती की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महाकाल के भक्त शामिल हुए जिसके बाद भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### टांगीनाथ धाम में भंडारे का आयोजन



**महुआडांड़।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की नगरी बाबा टांगीनाथ धाम में बाबा के दर्शन करने आये भक्तों के लिए प्रिया स्टोन माइंस कुटलू व मेसर्स शुभम ब्रिक्स हुटाप द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में बाबा के दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सफलता पूर्वक आयोजित करने वालों में मुख्य रूप से प्रिया स्टोन माइंस कुटलू, मेसर्स शुभम ब्रिक्स हुटाप के प्रो. सीताराम प्रसाद, वृन्दा पांडेय, डॉ. एके शाह, बिंदू देवी, शुभम प्रसाद, प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी, मन्नीलाल प्रसाद, कंचन देवी, शंभू प्रसाद, विक्की महली, लक्ष्मी प्रसाद, बाल गोविन्द, रविन्द्र तिवारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### शिवलिंग पर जलाभिषेक को उमड़ी भीड़ सुबह से देर शाम तक पहुंचते रहे श्रद्धालु



**इटखोरी (चतरा)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्त्र शिवलिंग के जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। माता भद्रकाली की पूजा व सहस्त्र शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सहस्त्र शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड के अलावा आस पास के प्रखंडों व जिले से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान श्रद्धालु माता भद्रकाली की भी पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में लगी रही। महाशिवरात्रि को लेकर अहले सुबह 1008 शिवलिग को अपने आप में समाहित किए सहस्त्र शिवलिग का बेलपत्र एवं फूलों से श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महा आरती उतारी गई। उसके बाद आम भक्तों द्वारा सहस्त्र शिवलिग के जलाभिषेक का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो शाम तक जारी रहा। इस अवसर पर शिवलिंग के जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर के सम्मुख स्थापित नंदी की प्रतिमा की भी विधिवत पूजा अर्चना की।

# महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात, दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ, भक्त बने बाराती





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्तों की भीड पूजा अर्चना के लिए उमडती रही। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में विशेष रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया गया। शिवरात्री को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों की उमडी भीड से दिन भर मेला लगा रहा। शिवालयों में हर हर महादेव, ऊँ नमः शिवाय की मंत्र ध्वनियां गूंजती रही। बुधवार की शाम शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बारात निकाली गयी। बारात में भगवान शिव की प्रतिमा को दुल्हें के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान किया गया। बारात में शामिल भक्त गणों की वेषभूषा बना कर नाचते गाते चल रहे थे। इस शिव बारात में भगवान भोले नाथ व माता पार्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई। साथ ही भूत प्रेत भी बारात में खासा आकर्षण रहे। जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर जमकर जयकारे लगाते हुए बारात के आगे-आगे झूमते-नाचते चल रहे थे। शिव बारात के आगे रथ पर सवार भगवान शिव-पार्वती की सजीव झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। भक्त डीजे की धुन पर बोल बम व हर हर महादेव के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा बारात में शामिल में शिवभक्तों का गर्मजोशी और श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। महादेव आश्रम से शिव बारात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चन्द्रषेखर आजाद चौक, थाना चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मण्डप पहुंचा। देवी मण्डप परिसर में शिव बारातियों का स्वागत सत्कार किया गया। रात्रि शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। ऐसी मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भूखे, प्यासे रहकर भगवान शिव की पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। महिला, युवती, पुरुष, युवक दिन भर भूखे रहते है और भगवान शिव की आराधना करते है। शास्त्रो के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। जिसके कारण इस दिन शिव पार्वती का विवाह को धूमधाम से मनाया जाता है। दूसरी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के समय विष निकला था और भगवान शिव ने इसे अपने कंठ में धारण किया था। इसके अलावा ये भी मान्यता है भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में इसी दिन प्रकट हुए थे. जिसके बाद से हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाते हैं. इधर इस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। कई विद्वान पुरोहितो द्वारा महादेव व पार्वती की प्रतिमा विवाह मंडप स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्म अदाएगी किया गया। इस अवसर पर शिव-पार्वती के विवाह का दृश्य देखने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद थे। वहीं शिव बारात को लेकर प्रशासन काफी चौकस नजर आया। जगह-जगह पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। साथ ही बारात के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शामिल थे।

## कैरो में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में कई अनुष्ठान आयोजित

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड में महाशिवरात्रि के अवसर शिवालयों में कई अनुष्ठान आयोजित हुई। सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा, इसमें सबसे अधिक महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।कैरो प्रखण्ड के महुवरी शिव मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन हुआ, इसके पूर्व भव्य कलशयात्रा निकाली गई।कलशयात्रा में सैकड़ो महिलाओं बच्चों शामिल होकर कंदनी नदी से जल लेकर शिव मंदिर पंहुचे। गजनी महादेव मण्डा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें आस-पास के दर्जनों गांव के कीर्तनमण्डली शामिल हुए। हनहट शिवमंदिर में भी अखंड हरिकीर्तन के साथ मेले का आयोजन किया गया। यहां पूरे पंचायत से शिवभक्त शामिल हुए। इसके अलावा कैरो, उतका शिव मंदिर, मनोकामना बाबा भोलेनाथ देव स्थल में भी पूजन व भजन कीर्तन किया गया।

## अखिलेश्वर धाम मे सुबह से देर शाम तक रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। मंदिरों में प्रातः 5 से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम मंदिर, चट्टी के महादानी मंदिर, भौरो, बेदाल, मसमानो, भीठा, अम्बेरा आदि विभिन्न गावों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि पर व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि पर लगभग सभी मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रहती है, लेकिन प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तो की लम्बी लम्बी लाइन लगी थी अखिलेश्वर धाम मे दूर-दूर से शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं। इस बार मंदिर में अपेक्षा से अधिक भीड़ रही।

क्षमता से अधिक भीड़ के कारण पुलिस बल स्थानीय शिव भक्तो ने काफी मदद की दूर दराज से आए हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भोले बाबा के दर्शन कर पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अखिलेश्वर धाम मे बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों पर तांता लगना शुरू हो गया था। देर शाम तक भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं मंदिर व उसके आस-पास पुलिस बल व डंडाधिकारी को तैनात किया गया था। मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर महिला अखिलेश्वर धाम मंदिर के समीप की दो पर्वत के बीच से निकलने वाले पवित्र तालाब में स्नान कर पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर सच्ची श्रद्धा से संतान की मनोकामना मांगी तो वह निःश्चित ही पूरी होती है वहीं महाशिवरात्रि पर्व कई नवदंपति जोड़ों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपना वर मांगा।

### भंडारे का हुआ आयोजन

महाशिवरात्रि के अवसर पर समाजसेवियों द्वारा अखिलेश्वर धाम पर भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्रों में भी उल्लेख है कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। समय-समय पर अन्नदान के रूप में भंडारों का आयोजन करते रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने यह आयोजन किया।



## मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया

**कैरो/लोहरदगा ।** विराजपुर स्थित बुढ़वा महादेव स्थल पर मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया। ज्ञात हो कि इस स्थल बुढ़वा महादेव सतरहवीं शताब्दी से खुला आसमान में हैं। कैरो उतका के शिवभक्तों ने यह निर्णय लिया कि इस शिवलिंग के उपर भव्य मंदिर बनाया जाएगा। यह देखते हुए आचार्य कौशल त्रिपाठी के द्वारा विधिवत भूमि पूजन व देव पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया। शिवभक्तों ने निर्णय लिया कि रामनवमी तक मंदिर को अंतिम रूप दिया जाएगा।


## राजकिशोर बने जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत ग्राम स्थित विद्यालय के समीप मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का बैठक जिप सदस्य की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में संगठन को मजबूती के साथ सुचारू ढंग से चलाने के उद्देश्य से संगठन विस्तार को लेकर प्रखंड कमिटी के चुनाव किया गया.जिसमे प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम,सचिव अमन उरांव और उपाध्यक्ष नइम अंसारी को बनाया गया।वही मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री का विकास कार्य और पार्टी संघठन का नीति सिद्धान्त से प्रभावित हो झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रति ग्रामीणों का रुचि बढ़ रहा है।जिसे लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। साथ ही कहा कि संगठन को सुचारू ढंग से चलाने के लिये सभी पंचायत अध्यक्षों का चुनाव के बाद विधिवत प्रखंड अध्यक्ष और कमेटी का विस्तार किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा दिन प्रति दिन क्षेत्र में मजबूत हो रहा है। आने वाला समय में पार्टी मजबूत होगा। मौके पर संयोजक मंडल सदस्य अनिल उरांव ,सेन्हा प्रखंड प्रभारी सरिता भगत,सतीम टोप्पो,केश्वर उरांव अमन उरांव,संदीप उरांव,अख्तर अंसारी समेत जेएमएम के अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ महाशिवरात्रि पर भक्तों ने की पूजा अर्चना

### प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिवरात्रि आस्था का केंद्र रहा चंदवा गढ़गांव का पहाड़ी पर स्थित गुफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा व भक्ति के साथ महाशिवरात्रि पर भक्तों ने विभिन्न मंदिरों व शिवालयों पूजा अर्चना किया.बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर प्रखंड शेयर के चौकनी, बदला, अरु, झखरा, सेन्हा, बुटी, गगेया, सीठीयो, बक्सीडीपा, सेरेंगहातु, चितरी, कोराम्बे सहित विभिन्न मन्दिरों भक्तों द्वारा सुबह से भगवान श्री भोलेनाथ व माता पार्वती का पूजा अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया।साथ ही भजन व गीत संगीत से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। जिसे महाशिवरात्रि त्यौहार को लेकर बच्चे नवजवान और महिला पुरुष सभी भक्तों के मन मे उमंग उत्साह दिखाई दे रहा था। वही सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव के समीप स्थित 12 सौ फीट पहाड़ के ऊपर गुफा में प्राचीन काल से स्थापित शिवलिंग पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना किया गया।जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।जिसे क्षेत्र हर हर महादेव,ॐ हम शिवाय और बम-बम भोले के जयकारे से गूँजमान रहा था। महाशिवरात्रि पर्व का धार्मिक मान्यता है।कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। जिसे उपलक्ष्य मे भगवान महादेव शंकर व माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। भक्तों ने व्रत रख कर शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, शहद, दही, चंदन, अक्षत और फल आदि अर्पित कर भोग लगाते हुए भगवान शिव के साथ मां पार्वती का पूजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में कही कही 12 घंटे का हरिकीर्तन और भंडरा का आयोजन किया गया तो।वही रात्रि में शिव पार्वती विवाह के लिये शिव बारात निकाला गया।चंदवा गढ़गांव स्थित महादेव मंडा गुफा में पूजा अर्चना करने के उपरांत स्थानीय लोगों के सहयोग से शिवरात्रि रात्रि के दूसरे दिन प्रत्येक वर्ष संस्कृति कार्यक्रम तथा मेला जतरा का आयोजन किया जात है।1200 फिट ऊंची पहाड़ी गुफा स्थित शिवलिंग श्रद्धालु भक्तों को आकर्षित कराता है। जिसे शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा श्रद्धा व भक्ति भाव से भगवान शंकर और माता पार्वती पूजा अर्चना करने के लिये जिला व प्रखंड क्षेत्र अलावे स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। साथ प्रखंड क्षेत्र के अन्य मंदिरों व शिवालयों में भी महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना के लिये बच्चे नवजवान और महिला पुरुषों का काफी भीड़ देखी गई। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार के अलावे संदीप उरांव सहित अन्य महिला पुरुष और बच्चे भक्तजन उपस्थित थे।

## जेएमएम के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष बने परवेज अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी व जिला संयोजक मण्डली के दिशानिर्देश पर बुधवार को भंडरा प्रखण्ड के डाक बंगला में जिला संयोजक मण्डली के सदस्य सह पूर्व जिला सचिव अनिल उरांव की अध्यक्षता में प्रखण्ड कमिटी पुनर्गठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर जिला संयोजक मण्डली के सदस्य सह पूर्व जिला सचिव अनिल उरांव ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नीति सिंद्धान्तों की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पार्टी जनता की हित मे अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है,जनता को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पर विश्वास है जिसे विधानसभा चुनाव में हमलोगों ने देख भी लिया है। पार्टी संगठन से जुड़कर पार्टी संगठन के हित मे कार्य करें। बैठक को केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रखंड प्रभारी समीद अंसारी,सेन्हा जिला परिषद सदस्य सह जिला संयोजक मण्डली सदस्य राधा तिर्की,पूर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए पुनः एक बार परवेज अंसारी, सचिव मारवाड़ी उरांव, कोषाध्यक्ष के लिये फूलदेव उरांव,उपाध्यक्ष के लिए रामवृक्ष उरांव,मोबारक अंसारी सह सचिव के लिए दानियल लकड़ा, साजिद अंसारी व सदस्य के लिये बुधवा उरांव, इस्लाम अंसारी,सुकरा उरांव, आलोक उरांव, कहरु उरांव, सुहैल अमीन का नाम चयन किया गया। मौके पर सभी पंचयात पंचायतों के अध्यक्ष सचिव और नव सर्वसम्मति से नव मनोनीत प्रखण्ड पदाधिकारियों का स्वागत अतिथियों द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर किया गया। मौके अफरोज अंसारी, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला सचिव मंसूर अंसारी,अब्दुल कुदुस, कल्याण पन्ना,दिलीप उरांव, धनो उरांव, दिलीप उरांव, सुभाष उरांव, आलोक उरांव, महमूद अंसारी, इदरीश अंसारी, खुर्शीद अंसारी, तबरेज अंसारी, जीतराम उरांव, बुधवा उरांव, इस्तियाक अंसारी, मकदूम अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच जन सेवा के अनेक कार्यक्रम करेगी: जय प्रकाश शर्मा

**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया और मंच के रांची शाखा के पदाधिकारीगण सांगठनिक दौरे के क्रम में प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा के आवास पर बुधवार सुबह लोहरदगा पहुंचे। सभी आगंतुकों का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। मंच के लोहरदगा शाखा के सदस्यों के साथ बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मार्च माह में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर नई कमिटी का गठन और विस्तार कर लोहरदगा में जन सेवा के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाए जाने पर सहमति बनी। जय प्रकाश शर्मा ने सफल संगठनकर्ता तथा सफलता का सक्सेस मंत्र युवा साथियों से साझा किया।विनीता सिंघानिया ने 22 मार्च से जमशेदपुर में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन का आमंत्रण सभी को दिया। पूर्व अध्यक्ष निशांत सर्राफ और कोषाध्यक्ष मयंक मोदी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। बैठक में मुख्य रूप से विनीता सिंघानिया, अभिषेक पोद्दार, निशांत सर्राफ, मयंक मोदी, पायल जैन, कविता जालान, पिंकी शर्मा, श्रेष्ठ सहित अन्य उपस्थित रहें।

### सभी पंचायतों के मुखियाओं का जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मेलन का आयोजन

# पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है : रीना कुमारी

**विद्यालय विकास में आप सभी पंचायत जन प्रतिनिधि मुखिया जी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।**

**विद्यालय विकास में छात्र अभिभावक, जन प्रतिनिधि और प्रशासक के आपसी सहयोग से हम सभी विद्यालयों को सुदृढ़ और सशक्त बना सकते हैं।**




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय लोक भागीदारी अंतर्गत शिक्षित ग्राम सक्षम पंचायत विषयक जिला के सभी 66 पंचायतों के मुखिया जी का जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष, रीना कुमारी, डीईओ अभिजीत कुमार, विनय बंधु कच्छप, एमलीन सुरीन, आकाश कुमार व मुखियाओ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु लक्ष्मी उरांव, मन्हों पंचायत, चेमनी टोप्पो, ककरगढ़ पंचायत,, परमेश्वर महली, उदरंगी पंचायत, दिलीप उरांव, डाडु पंचायत, कमला देवी, तुईमु पंचायत, चांदमुनी उरांव, खरकी पंचायत, रानी मिंज, बगरू पंचायत और सुमित्रा उरांव, सढ़ाबे पंचायत की मुखिया को जिप अध्यक्ष और जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में शतप्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु सभी को शपथ दिलाया गया।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनप्रतिनिधियों को शिक्षा विभाग के साथ तालमेल कर शिक्षा के विकास में अहम भूमिका निभा सकते है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता की कमी है। जिसको दूर करने की आवश्यकता है। ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के प्रति व्यापाक जागरूकता लाई जा सकती है। जिसमें हम सभी जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय विकास में आप सभी पंचायत जन प्रतिनिधि मुखिया जी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के सहयोग से हम सभी विद्यालय में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन और उनका शत प्रतिशत ठहराव के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय विकास में छात्र, अभिभावक, जन प्रतिनिधि और प्रशासक के आपसी सहयोग से हम सभी विद्यालयों को सुदृढ़ और सशक्त बना सकते हैं। शिक्षक अरुण राम, गणेश लाल और रविशंकर कुमार नीलू गोयल ने भी मुखिया जी की भूमिका और उनके विद्यालय विकास में अहम कड़ी की जानकारी दी। सीरम पंचायत के मुखिया भागवत खेरवार, खरकी पंचायत की मुखिया चांदमुनि उरांव और पखार पंचायत के मुखिया जी द्वारा भी कार्यशाला में सभी को संबोधित किया गया। एपीओ, एमलीन सुरीन द्वारा कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यालय के तृषा पांडेय, गुलाम अशरफ, सुफियान अंसारी, विशाल उराँव, पिरामल के कासिम अली, सभी प्रखण्ड के बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी भी उपस्थित हुए।

## रितेश कुमार बनाये गये विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा के जिलाध्यक्ष

**लोहरदगा।** विगत 22 फरवरी से आरम्भ विश्व हिंदू परिषद का प्रांतीय बैठक रामगढ़ जिला में सम्पन्न हुई। जिसमें नये सत्र हेतु झारखण्ड प्रान्त के कुछ जिलों में विश्व हिंदू परिषद के नयी समिति का गठन करते हुए लोहरदगा जिला हेतु रितेश कुमार को जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। जबकि पूर्वाध्यक्ष रामलखन प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य तथा कार्यकर्ता प्रियांशु कुमार को जिला संयोजक बनाया गया। ज्ञातव्य हो कि पूर्व के 2021-22 वर्ष में रितेश कुमार विश्व हिंदू परिषद का जिला मंत्री रहते हुए संगठन को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी सशक्त भूमिका निभायी थी, परन्तु विगत दो वर्षों से व्यक्तिगत कारणों से संगठन के किसी भी दायित्वों से किनारा कर लिया था। अब एक बार फिर से संगठन को सशक्त व सुदृढ़ करने की जिम्मेवारी रितेश कुमार को दी गयी है। रितेश कुमार के विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा जिलाध्यक्ष बनने पर प्रवीण कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मदन मोहन पांडेय, अभय अग्रवाल समेत अनेक सनातनी भाई बन्धुओं ने बधाई दिया।

## डॉ अशोक आचार्य ने 51000 महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप कराया संपन्न



**लोहरदगा।** डॉ अशोक आचार्य ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ गुदरी बाजार लोहरदगा मे 51000 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक रूप से जाप कराया। इसके बाद वेद के शिव संकल्प सूक्त के मत्रों की विशेष आहुति दिए गए। महामृत्युंजय मंत्र शिव जी को प्रसन्न करने वाला मंत्र है यह मंत्र व्यक्ति को सब प्रकार के दुखों- बाधाओं से दूर करने वाला है, एवं अकाल मृत्यु से भी बचाता है। रोगों और परेशानी से भी यह मंत्र रक्षा करता है। इसके बाद सभी शिव भक्तों ने आदियोगी शिव जी का 5 मिनट तक ध्यान किये। यज्ञ के ब्रह्म डॉ अशोक आचार्य ने सभी शिव भक्तों के लिए सामूहिक रूप से मंगल कामना के लिए प्रार्थना किए। कार्यक्रम का शुरूआत कार्यक्रम अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुषमा सिंह, गायत्री परिवार के सदस्य के द्वारा दीप प्रजनन करके किया गया। जाप एवं यज्ञ के मुख्य यजमान -नारायण अग्रवाल, दीपक कर्मकार शीतल कर्मकार, राजकिशोर प्रतिमा देवी, रत्नेश सीमा देवी , मदन, राजीव, दीपा शेखर, राजेश्वरी साहू, मानिक देवघरिया, प्रतिमा, राकेश साहू, श्वेता मित्तल, नीतू मित्तल, सरिता, शैली विश्वकर्मा, अखिल अंकित एवं सभी शिव भक्त उपस्थित रहें ।

# हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के नारों से गूंज रही थी डूमरी





**डूमरी।** डूमरी प्रखंड स्थित बाबा टांगीनाथ धाम में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों की संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया। झारखंड सहित अन्य राज्यों से आए श्रद्धालु भक्ति गीतों और कीर्तन में लीन नजर आए।पूजा समारोह के दौरान टांगीनाथ पूजा समिति ने महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग की व्यवस्था की थी, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में कोई दिक्कत न हो। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर घंटों लाइन में लगकर पूजा की, जिससे मंदिर परिसर में एक अद्भुत धार्मिक वातावरण बना रहा।मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आस्था के इस महापर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। चैनपुर अंचल निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली, डूमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार और एसएसबी के जवान वहां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।इस अवसर पर चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, डूमरी बीडीओ उमेश कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार, एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विधि व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कड़े प्रबंध किए थे। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की गाड़ियों के लिए जगह-जगह पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी वहां तैनात रही, जो श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का ध्यान रख रही थी।बाबा टांगीनाथ धाम की यह धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बना रहा, जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया और अपनी आस्था को प्रकट किया।

## चोरों ने दिखाया दुस्साहस, पुलिस गश्ती दल के सामने से हुए फरार

**बसिया(गुमला)।** अत्यंत दुस्साहस का परिचय देते हुए कुछ चोरों ने बसिया के मुख्य बाजार में न केवल एक व्यक्ति को बुरी तरह से घायल कर दिया बल्कि पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब भी हो गए। यह मामला बीते रात का है जब यहाँ के कोनबीर बाजार से यह घटना सामने आई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात पाँच छः की संख्या में आए चोरों ने अरुण कुमार पांडे के गेट तोड़ कर घर में घुसने की कोशिश की। गृहस्वामी को चोरों के घुसने का आभास हो गया और उन्होंने अपने पड़ोसियों से मदद की गुहार लगाई। जानकारी मिलते ही पंकज गुप्ता और कुछ अन्य लोग घटनास्थल की ओर बढ़े परन्तु दुर्भाग्य से पंकज गुप्ता नाम का एक व्यक्ति चोरों के हत्थे चढ़ गया और उन्होंने लोहे के छड़ से हमला कर उसे घसीटना प्रारंभ कर दिया। बताया जाता है कि इस बीच हल्ला सुनकर पुलिस का एक गश्ती दल वहां पहुंच गया और पुलिस को देखकर चोर बुरी तरह से घायल पंकज को छोड़ कर भाग गए। इस घटना के बाद स्थानीय लोग सकते में हैं क्योंकि यह पहली घटना नहीं है जब अपराधियों ने अपने दुस्साहस का परिचय न दिया हो। ग्रामीणों के अनुसार विगत कुछ माह पूर्व इसी मकान से लगे एसबीआई एटीएम को चोर उठा कर फरार हो चुके हैं और अभी तक इसका उद्भेदन भी नहीं हो सका है।

## भरनो में महाशिवरात्रि की धूम, शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भरनो (गुमला)।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को भरनो प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की प्रार्थना की। कमलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, समसेरा स्थित सत्यवाणी आश्रम, स्कूल चौक शिव मंदिर, बस्ती बाजार रोड शिव मंदिर, थाना परिसर शिव मंदिर और छठ तालाब शिव मंदिर सहित तमाम शिवालयों में सैकड़ों भक्तों ने जलाभिषेक किया और बेलपत्र, फूल एवं दूध अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। विशेष रूप से कमलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मान्यता है कि यहां भगवान शिव की आराधना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। भक्तों ने घंटों लाइन में खड़े रहकर विधिवत पूजा-अर्चना की और हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा, जहां श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।





## लगातार हो रही दुर्घटनाओं से कई घायल, तीन की हालत चिंताजनक



**बसिया(गुमला)।** बसिया थाना क्षेत्र के कुम्हारी रोड में दूर्घटनाओं के कारण कई लोगों के घायल होने की सूचना है। पहली घटना बनागुटू गाँव की है जहां भरनो के तिरार्डीह निवासी सावन मुंडा की स्कूटी से बानागुटु गांव के एक व्यापारी भीम साहु के बुरी तरह जख्मी होने की सूचना है। समाचार लिखे जाने तक भीम साहु की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान हेतु रेफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना में स्कूटी पर सवार सहयात्री तिलु मुंडा के भी बुरी तरह से घायल होने की सूचना है। इसी तरह स्कूटी दुर्घटना से महज दो किलोमीटर की दूरी पर चूटिया नदी पुल के पास सुबह सुबह एक किया सेल्टोस कार ने  अनियंत्रित होकर पुल को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होते हुए बगल स्थित खेत में जा गिरा है। इस दुर्घटना में सिमडेगा के तुमडेगा निवासी मानुवेल एक्का अपने भाई विजय एक्का के साथ बुरी तरह से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्राथमिक उपचार के बाद इन दोनों घायलों को भी बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।






## बूढ़ा महादेव देवगांव में महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के देवगांव स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। प्राचीन गुफा में विराजमान बाबा बूढ़ा महादेव की विशेष पूजा के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। यहां दूर-दूर से आए भक्तों ने जलाभिषेक कर बाबा से मनोकामनाएं मांगी। मंदिर का विशाल परिसर विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से सुशोभित है, जिससे यह धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां विशेष पूजा, अखंड भजन-कीर्तन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सरना-सनातनी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि बूढ़ा महादेव की असीम शक्ति से यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है, इसी आस्था के चलते हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा एवं सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसमें स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की तैनाती की गई है, जो आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं। महाशिवरात्रि के दिन यहां विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें भक्तों का उत्साह देखने लायक होता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पूरा क्षेत्र किसी अर्धकुंभ मेले जैसा प्रतीत हो रहा है।

## महाशिवरात्रि पर एसपी हारिस बिन जमां ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की

**भंडरा ।** एसपी हरीश बिन जमा ने भंडरा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख एवं शांति की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर एसपी भंडरा थाना परिसर पहुंचे। भंडरा थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। आचार्य संतोष पंडा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई गई। मौके पर  थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह उपस्थित थे। पूजा अर्चना के बाद एसपी ने महाशिवरात्रि की प्रसाद ग्रहण किया। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर एसपी ने भंडरा थाना प्रभारी मंदिर के गर्भगृह के स्थल को थोड़ा बड़ा बनाने का निर्देश दिए।

## मदरसा काश्मिया के छात्रों ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के जिमा पंचायत अंतर्गत मदरसा काश्मिया उलुम चंडू के छात्र - छात्राओं ने मंगलवार 25 फरवरी को शिक्षा जागरूकता रैली निकाली। सेक्रेटरी हाजी प्रवेज आलम के नेतृत्व में निकाली गई शिक्षा जागरूकता रैली में शामिल छात्रों ने हाथों में  एक भी बच्चा छुटा हमारा मकसद टूटा  शिक्षा हमारे मुल्क की आर्थिक और सामाजिक विकास का पैमाना है। लिखी तख्तियां लिए क्षेत्र के ननतिलो, मेन रोड, जिमा चौक आदि विभिन्न स्थानों का भर्मण करलोगों को अपने बच्चों को किसी भी हालत में शिक्षित करने और बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने और स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मौलाना इकराम उल हक ऐनी, साद अमीन अफसर उल हक सहित आसपास के ग्रामीण शामिल थे।

भरनो में चोरी की घटना

## अज्ञात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर पेट्रोल-डीजल उड़ाया



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित भरनो ब्लॉक चौक के पास अज्ञात चोरों ने एक गुमटी का ताला तोड़कर पेट्रोल-डीजल और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना बीती रात की है, जिसका पता बुधवार सुबह गुमटी मालिक संतोष गुप्ता (चरकु) को दुकान पहुंचने पर चला। चोरों ने गुमटी में रखे 25 लीटर पेट्रोल, 10 लीटर डीजल, बिस्किट, चॉकलेट और केक की चोरी कर ली। यह चोरी भरनो ब्लॉक चौक के पास स्टेट बैंक के बगल में स्थित गुमटी से हुई, जिससे इलाके के अन्य दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही संतोष गुप्ता ने भरनो पुलिस को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

भरनो के मकरा गांव में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

## ग्रामीणों को दी गई बैंकिंग व डिजिटल लेन-देन की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भारतीय रिजर्व बैंक  के सहयोग से भरनो स्वाधार फिन एक्सेस द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन भरनो प्रखंड के मकरा गांव में किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम वित्तीय समझदारी, समृद्धि नारी रही, जिसके तहत विशेष रूप से महिलाओं को वित्तीय जागरूकता से जोड़ने पर जोर दिया गया।

ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की दी गई जानकारी

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,



प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनाया जा सके।

**महिलाओं पर विशेष ध्यान, डिजिटल बैंकिंग का प्रशिक्षण**

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता और बचत के महत्व को समझाया गया। साथ ही, उन्हें डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और सुरक्षित बैंकिंग के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे तकनीक का लाभ उठाकर अपने वित्तीय निर्णयों को और अधिक प्रभावी बना सकें।

**गुमला जिले में दो वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित**

भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से गुमला जिले में दो वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो भरनो, सिसई, घाघरा, चैनपुर, रायडीह और अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड के ग्रामीणों को वित्तीय साक्षर बनाने का कार्य कर रहे हैं।

## सभी खाद्य कारोबारियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कराने की अवश्यकता : चेंबर अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों, मिठाई दुकान संचालकों, होटल-रेस्तरां मालिकों, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं, वितरकों, फल-सब्जी विक्रेताओं, दवा दुकानदारों और फास्ट फूड व्यवसायियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन करवा लें। राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 फरवरी (शुक्रवार) को गुमला खाद्य सुरक्षा कार्यालय में विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक संचालित होगा, जहां सभी खाद्य कारोबारियों को अपना लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन करवाने का अवसर मिलेगा।

**व्यापारियों के हित में अनिवार्य प्रक्रिया**

उन्होंने कहा कि यह व्यापारी हित में आवश्यक है और सभी संबंधित कारोबारियों को इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए। इसके लिए व्यापारियों को अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और एक रंगीन फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर खाद्य सुरक्षा कार्यालय पहुंचकर अपना लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी समस्या से बचा जा सके और व्यापार सुचारू रूप से चलता रहे।

## श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर अंबेरडीह का 11वां वार्षिक उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के अंबेरडीह गांव में श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के 11वें वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह वार्षिक उत्सव 22 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए पूजा समिति, निगरानी समिति, सक्रिय सदस्य एवं विशेष सहयोगी समिति का गठन किया गया।

पूजा समिति का गठन

**बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:-**

अध्यक्ष: महेश सिंह
उपाध्यक्ष: आनंद सिंह
सचिव: सिकंदर सिंह
कोषाध्यक्ष: प्रकाश सिंह
सह कोषाध्यक्ष: सत्येंद्र कुमार सिंह

**निगरानी समिति**

समारोह की निगरानी के लिए सुमन सिंह, जमुना सिंह, दुबराज सिंह, सुदे सिंह, विजय सिंह, सुंदर शुक्ला, भोला सिंह, महावीर सिंह, वीर कुंवर नाग, दुर्गा सिंह, प्रेम सिंह, नंद सिंह, पलटन सिंह, बाली भगत, धर्म सिंह, भूपन सिंह, लक्ष्मण सिंह, बबलू सिंह, सतीश



भोगता, मनोज सिंह, पारस सिंह, शिवपूजन साहू सहित अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

**सक्रिय सदस्य**

सतीश सिंह सरदार, राजेश सिंह, भीम सिंह, भौक सिंह, अर्जुन सिंह, विनोद सिंह, पंकज सिंह, बसंत सिंह, रविंद्र सिंह, सूरज सिंह, दीपू सिंह, बहादुर सिंह, विनोद सिंह, पवन सिंह, बिरिया पहान, विजय इंदवार, हुलास भगत, एतवा खड़िया, बोलो उरांव, अशोक पंडित, अमर महली, वकील साहू, बसंत सिंह, विशेश्वर महली, अवधेश सिंह, सरवन सिंह, शैलेश मिश्रा, विकी कुमार सिंह, महेश गोप, खेलो सिंह, रमेश सिंह, जगन्नाथ सिंह, नारायण भोक्ता, अजीत विश्वकर्मा, विजय सिंह, चरण सिंह, मारवाड़ी सिंह को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया।

**विशेष सहयोगी समिति**

समारोह को सफल बनाने में विशेष सहयोग हेतु मनोज सिंह (सिसई रोड, गुमला), मनीष हिंदुस्तान, संजय सिंह (तर्री), प्रदीप गंजू (मुरकुंडा), कुंज बिहारी लाल (गुमला), संतोष लाल, सीबराज सिंह (डूमरडीह) को शामिल किया गया।

बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए सहयोग देने का संकल्प लिया। श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, और आयोजन को भव्य बनाने के लिए विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं।

## सुन्दरकांड का पाठ हमें सीधा राम-भक्ति से जोड़ देता है : आचार्य डॉ. पद्मराज स्वामी जी

**सिमडेगा।** आचार्य पद्मराज ज्योतिष गुरुकुल, टुकुपानी के सभागार में श्रद्धा-भक्ति के साथ सुन्दरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया गया। सुन्दरकाण्ड की महिमा बताते हुए पद्मराज स्वामी जी महाराज ने कहा कि यह राम चरित मानस का सबसे खूबसूरत अंश है, इसीलिए गोस्वामी जी ने इस काण्ड का नाम सुन्दरकाण्ड रखा है। इसमें जहां हनुमान जी का प्रबल पराक्रम दिखाई देता है वहीं लंका दहन के साथ संपूर्ण राक्षस दल में भगवान राम की अचिंत्य महिमा भी अंकित हो जाती है। हनुमान जी के कृत्य को देखकर लंका निवासी आपस में कहते हैं नहीं निशिचर कुल केर उबारा अर्थात अब राक्षस कुल का अंत अवश्यंभावी है। भगवान की भक्ति की प्रक्रिया क्या होनी चाहिए इस सम्बन्ध में आचार्य जी ने कहा हमें प्रभु की भक्ति ऐसे करनी चाहिए जैसे सहजता से हम श्वास लेते और छोड़ते हैं। आपको श्वास लेने के लिए अलग से समय नहीं निकालना पड़ता अपितु प्रत्येक कार्य करते हुए आप लगातार श्वास लेते हैं और आपको पता भी नहीं चलता। इसी तरह हमारे समूचे व्यक्तित्व में जब परमात्मा समा जाता है तब हमारा हर क्षण भगवान की भक्ति का गवाह बन जाता है। यही कार्मिक भक्ति की अवस्था होती है जहां आपका प्रत्येक कर्म मात्र भगवान को समर्पित हो जाता है। हनुमान जी ने इस अवस्था को साक्षात जी के दिखा दिया था। वे बड़े से बड़े कर्म कर जाते थे, किन्तु किसी भी कर्म का श्रेय स्वयं नहीं लेते थे। पूछने पर वे एक ही बात बोलते कि जो भी कर्म हुआ है वह प्रभु श्रीराम की कृपा से हुआ है, फिर मैं इसका कर्ता कहां हुआ? और जब मैं कर्ता हूं ही नहीं तब उसका श्रेय कैसे ले सकता हूं। इसलिए प्रत्येक कार्य की सफलता का श्रेय वे प्रभु श्रीराम को ही देते थे। यह कार्मिक भक्ति की पराकाष्ठा की अवस्था है। हमे सतत इसी का अभ्यास करना चाहिए।आचार्य जी ने नवकार मंत्र, गायत्री मंत्र सहित विभिन्न मन्त्रों और स्तोत्रों के द्वारा भगवत वन्दना प्रस्तुत करते हुए सस्वर सुन्दरकाण्ड का पारायण करवाया। उन्होंने प्रभु राम के साथ हनुमान जी के विविध प्रसङ्ग सुनाते हुए राम नाम संकीर्तन करवाया और अपने जीवन में धर्म भावना को बढ़ाने की प्रेरणा दी।गुरुमां साध्वी वसुन्धरा जी ने पंच देवों की स्तुति प्रस्तुत की तथा अनेक भजनों से भक्तिधारा प्रवाहित की। मौके पर सूरज प्रसाद, संजय, सीता बंसल, नीलम बंसल, निर्मला महतो, नमिता देवी आदि सक्रिय रूप से उपस्थित थे। प्रसाद वितरण का लाभ शर्मा मिष्ठान्न भण्डार परिवार ने प्राप्त किया। मंगलपाठ, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर केतुङ्गधाम शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**बानो।** प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने भक्ति पूर्वक जल चढ़ाया। बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में  सुबह से ही जल अभिषेक किया गया। शिव मंदिर सोडा में शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। बुधवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में यजमान के रूप में नंदलाल कश्यप थे व पंडित सन्तोष पंडित ने विधि पूर्वक पूजन कराया।इसके साथ ही अखंड हरिकीर्तन आरंभ हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाशिवरात्रि पूजा समिति सोडा के सदस्यों विनय कश्यप ,भुवन सिंह ,पन्नालाल ओहदार ,अटल सिंह ,विनोद कश्यप, बालमुकुंद सिंह ,मदन सिंह पारस सिंह आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। प्रखण्ड के केतुङ्ग धाम शिव मंदिर में आज प्रातः पट खुलते ही भक्तों की लंबी लाइन लग गई। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया शिव भक्तो की भीड़ उमड़ती गई ।भक्ति गीत से मेला परिसर भक्ति मय हो गया।कार्यक्रम को लेकर अखंड हरिकर्तन व यज्ञ आरंभ हुई ।रात्रि में शिव बारात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 फरवरी को नामकरण व अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 27 फरवरी को को पूणाहुति व नगर भृमण तथा भंडारा का आयोजन किया गया है।यज्ञ में पुजारी प्रदीप गोस्वामी व जजमान के रूप में राधेश्याम सोनार सपत्नी बैठे थे।

## गैंगस्टर अमन साहू का करीबी आकाश सिमडेगा जेल से किया जायेगा शिफ्ट

**सिमडेगा।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के करीबी आकाश रॉय मोनू को सिमडेगा जेल से शिफ्ट किया जायेगा। उसे मधुपुर जेल भेजने की तैयारी चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह और पुलिस कप्तान सौरभ की अनुशंसा पर जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने आकाश रॉय को मधुपुर जेल शिफ्ट करने की परमिशन दे दी है। हालांकि इसकी पुष्टि आधिकारिक तौर पर नहीं हो पायी है।यहां याद दिला दें कि आकाश रॉय मोनू एक शातिर क्रिमिनल है। वह कुख्यात अमन साहू का बेहद करीबी और खास माना जाता है।

## करंगागुड़ी शिव धाम में आस्था के साथ निकली शिव बारात, शिव पार्वती का विवाह हुआ संपन्न

**केरसई।** जिले में धूमधाम से महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया गया। महाशिवरात्रि के मौके पर करंगागुड़ी शिव धाम में भगवान शंकर की भव्य बारात व झांकी निकाली गई। कुल्लुकेरा गांव से निकली भगवान शिव की बारात अलग-अलग जगहों का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ निकाली झांकी को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बरात भ्रमण के समय बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं बारात के मंदिर आने के बाद शिव-पार्वती का विवाह संपन्न करवाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस दल-बल के साथ मौजूद थे।

## शादी समारोह में शामिल होकर विधायक भूषण बाड़ा ने नव दंपति जोड़े को दिया आशीर्वाद

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ कुरडेग निवासी सह कांग्रेस कार्यकर्ता अजय  मिंज की बहन सैला मिंज के शादी समारोह में शामिल हुए। साथ बी नव वर वधु को  बधाई एवं शुभकामना देते हुए सुखमय एवं खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। मौके पर फादर सुनील तिर्की,कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान,पीटर खाखा,नीला नाग आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

**शपथ पत्र**



मैं तेतरी देवी उर्फ यमुनी देवी पति स्व रेवा साव, उम्र 76 वर्ष, पेशा : गृहणी, धर्म : हिन्दू, राष्ट्रीयता : भारतीय, साकिनः लमटा, पोस्ट : शिवराजपुर, थानाः लावालौंग, जिला : चतरा, झारखंड की निवासी हूं। कार्यपालक दंडाधिकारी सिमरिया को दिए गए शपथ पत्र संख्या 677 दिनांक 27/12/2024 के माध्यम से घोषणा करती हूं कि दिए गए उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। यह कि मेरे आधार संख्या 8111 5659 5901 में मेरा नाम तेतरी देवी है। मेरे द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा बगरा मोड़ में एक एफडी करवाया गया था। जिसका खाता संख्या 48824641000046 है। इसके अलावा बैंक ऑफ इंडिया बगरा मोड में चालू खाता संख्या 48821010005071 है। बचत और चालू खाता में मेरा नाम यमुनी देवी है। तेतरी देवी और यमुनी देवी दोनों नाम मेरा ही है। मेरे अलावा मेरे घर गांव में तेतरी देवी या यमुनी देवी नाम की कोई दूसरी महिला या व्यक्ति नहीं है। मैं तेतरी देवी उर्फ यमुनी देवी सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में लिखी गई सारी बातें मेरी जानकारी में सत्य और सही है।

ई/एन/4675/1995

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक व मानसिक तृप्ति न मिले, हममें गति व शक्ति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य प्रेम न जागृत हो, जो हममें संकल्प व कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह हमारे लिए बेकार है वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है। - प्रेमचंद

## संपादकीय

### अमेरिका से व्यापार में भारत के निर्यातकों साथ संतुलन आवश्यक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक सीमा-शुल्क लगाने के प्रयास से दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन बिगड़ने का खतरा है। वर्ष 2024 में भारत में अमेरिकी विनिर्माण निर्यात 42 अरब डॉलर था, जो अब तेजी से उच्च टैरिफ का सामना कर रहा है। ये टैरिफ लकड़ी के उत्पादों और मशीनरी पर सात फीसदी से शुरू होकर जूते और परिवहन उपकरणों तक 15 से 20 प्रतिशत और खाद्य पदार्थों पर बढ़कर लगभग 68 प्रतिशत तक पहुंच जाते हैं। इसने दोनों देशों में हितधारकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारतीय निर्यातकों की उम्मीदें कूटनीतिक प्रयासों पर टिकी हैं। व्यापारिक तनाव को कम करने के लिए भारत पहले ही अमेरिकी हित में कई कदम उठा चुका है। उदाहरण के लिए, महंगी मोटरसाइकिलों पर टैरिफ 50 से घटाकर 30 और बोरबॉन व्हिस्की पर 150 की जगह 100 फीसदी कर दिया गया है। साथ ही, भारत ने अमेरिका से अपने ऊर्जा आयात के बढ़ने और रक्षा उपकरणों की खरीद में तेजी आने पर अन्य टैरिफ दरों की समीक्षा करने का वादा किया है। इन उपायों का उद्देश्य अधिक अनुकूल व्यापार माहौल बनाना और अपने व्यापक आर्थिक उद्देश्यों से समझौता किए बिना संतुलित व्यापार संबंधों की दिशा में काम करने की भारत की इच्छा को प्रदर्शित करना है। अमेरिका के साथ अधिक न्यायसंगत व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के साथ भारत के लिए चुनौती अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा की जरूरतों के बीच संतुलन बनाना है। अमेरिकी पक्ष का ध्यान व्यापार असंतुलन को दूर करने और अपने निर्यातकों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने पर है। सिटी रिसर्च के विश्लेषकों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में रसायन, धातु उत्पादन और आभूषण हैं, इसके बाद ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य पदार्थ आते हैं। भारत द्वारा आयात पर उच्च टैरिफ दरों पर जोर देने के कारण अमेरिकी निर्यातकों के लिए भारतीय बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। इन उद्योगों को न केवल बाजार पहुंच में कमी का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि बढ़ी हुई लागतों का भी सामना करना पड़ सकता है, जो व्यापार असंतुलन को और बढ़ा सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका को भारत के व्यापारिक निर्यात, जिसका मूल्य वर्ष 2024 में अनुमानित 74 अरब डॉलर था, में कई उत्पाद शामिल हैं। इनमें 8.5 अरब डॉलर के मोती, रत्न, आभूषण, आठ अरब डॉलर की दवाएं और चार अरब डॉलर के पेट्रोकेमिकल पदार्थ शामिल हैं। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में है। ऐसे में टैरिफ में कोई भी वृद्धि भारत के निर्यात क्षेत्रों और अमेरिका के साथ समग्र व्यापार संबंधों को प्रभावित कर सकती है। कपड़ा, चमड़ा और हस्तशिल्प जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों के लिए दांव विशेष रूप से ऊंचे हैं, जो लाखों श्रमिकों को रोजगार देते हैं और भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। दोनों देशों के बीच टैरिफ दर में महत्वपूर्ण अंतर है। वर्ष 2023 में भारत ने आयात पर औसतन 11 फीसदी टैरिफ लगाया, जो भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ दरों से लगभग 8.2 प्रतिशत अंक अधिक था। कृषि वस्तुओं के मामले में यह असमानता और भी स्पष्ट थी।

*भारतीय निर्यातकों की उम्मीदें कूटनीतिक प्रयासों पर टिकी हैं।*

# 'तस्वीर की सियासत' बनाम 'सियासत की तस्वीर' ?

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को 'प्रोटोकॉल ' अथवा शिष्टाचार / नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सुरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। ज़ाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं।



दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें । तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे।

आज की बात



**निर्मल रानी**

परंतु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का 'वनवास' खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तस्वीर हटाने पर कहा कि "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख विरोधी है। भाजपा ने अपना दलित विरोधी रुख़ दिखाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र हटा दिए हैं।" परन्तु तस्वीरों पर सियासत करने वाली 'आप' भी ऐसे सवालों से बच नहीं सकती। आम आदमी पार्टी नेताओं को भी यह बताना पड़ेगा कि उन्होंने अपने कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फ़ोटो क्यों हटाई थी ? यदि मान लिया जाये की नरेंद्र मोदी उनके घोर विरोधी नेता हैं परन्तु वे देश के प्रधानमंत्री भी हैं। मान लीजिये कि राजनैतिक पूर्वाग्रह के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र नहीं लगाया परन्तु उन्होंने आख़िर राष्ट्रपति का चित्र क्यों नहीं लगाया गया ?

जहाँ तक सवाल है तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मात्र चित्र लगाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह को सम्मान दिये जाने का, तो यदि अरविंद केजरीवाल के वक्तव्यों पर नज़र डालें तो केजरीवाल की बातें तो इन नेताओं के मूल विचारों के बिल्कुल विरुद्ध हैं। मिसाल के तौर पर अरविंद केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र के माध्यम से यह मांग की थी कि भारतीय नोटों पर गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर भी छपे। उनका कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें।' क्या केजरीवाल का यह सुझाव बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के विचार सम्मत है ? किसी का चित्र लगाने का अर्थ आख़िर क्या होता है ? केवल उस महापुरुष के समर्थकों या उनके समुदाय को ख़ुश करना या उनके आदर्शों को मानना व उनपर चलना ? बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन की कौन सी शिक्षा है जिसने केजरीवाल को इस बात के लिये प्रेरित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उपरोक्त सलाह दे डाली। वह भी स्वयं एक शिक्षित व राजस्व सेवाओं के अधिकारी होने के बावजूद। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखते समय केजरीवाल ने यह भी लिहा था कि "यह देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक ओर महात्मा गांधी व दूसरी ओर लक्ष्मी-गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए।' केजरीवाल ने 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होने के नाते नहीं बल्कि सही मायने में देश के बहुसंख्य समाज को वरग़लाने के लिये ही 'तस्वीर की सियासत' यह शगूफ़ा छोड़ा था।

इसी तरह विधान सभा चुनावों की घोषणा से पूर्व दिसंबर 2024 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने एक और ऐसी ही चुनावी फुलझड़ी छोड़ते हुये यह घोषणा कर डाली कि आम आदमी पार्टी के चुनाव जीतने पर मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हज़ार रुपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। केजरीवाल ने इसे 'पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना' का नाम दिया। इस घोषणा की आलोचना करते हुये भाजपा ने उसी समय यह जवाब दिया था कि 'चुनावी हिंदू केजरीवाल' ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले हैं और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। यहाँ भी यही सवाल है कि क्या 'पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना' की घोषणा बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों की सोच के अनुरूप थी जिनके चित्र उन्होंने अपने कुर्सी के पीछे लगा रखे थे ?

भाजपा भी इसी तरह गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उनपर ख़ास अवसरों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपने आदर व सम्मान का दिखावा तो ज़रूर करती है परन्तु हक़ीक़त में वह भी दिखावा मात्र ही है। अन्यथा घोर हिंदुत्ववादी राजनीति का गांधी व बाबासाहेब आंबेडकर व भगत सिंह जैसे महान देशभक्त मानवतावादी नेताओं से क्या लेना देना? यह तो धर्म और राजनीति के ऐसे घालमेल को ही विध्वंसक मानते थे। कहना ग़लत नहीं होगा की इसी 'तस्वीर की सियासत' ने ही देश की 'सियासत की तस्वीर' को बदनुमा कर डाला है जिसकी भरपाई महात्मा गांधी व बाबासाहेब , व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नहीं बल्कि केवल सच्चे मन से उनके बताये हुये रास्तों व उनके आदर्शों पर चलकर ही की जा सकती है ?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## साझा संकलन की सैर

आधुनिक साहित्य का यह नजारा किसी प्राचीन महाकाव्य से कम नहीं है। हर साल, साहित्य प्रेमियों का एक बड़ा मेला सजता है, जिसमें लेखकों का एक समूह अपने शब्दों की जादूगरी दिखाने के लिए जुटता है। वे अपनी रचनाओं के साथ खड़े होते हैं, जैसे किसी रंगमंच पर अदाकारी करने वाले कलाकार। लेकिन, इस रंगमंच का एक अलग ही नजारा होता है, जहाँ पुरस्कारों की चमक से ज्यादा कुछ नहीं दिखता।

हमारी कथा के नायक हैं, श्री रघुवीर शुक्ल, जो एक साधारण से लेखक हैं। उनके पास एक पुराना टाइपरायटर है, जो समय के थपेड़ों के चलते कभी-कभी खुद से शब्द निकालती है। लेकिन रघुवीर साहब को साहित्य का गंभीरता से पालन करने का बड़ा शौक था। उन्होंने अपने मन में ठान लिया था कि वह पुरस्कार जीतेंगे। यह विचार उनके मन में ऐसा गहराया, जैसे किसी बकरी की सोच में घास। लेखक शुक्ल ने अपने आसपास के लेखकों की कथा सुनी थी, जो पुरस्कारों की बौछार में अपने नाम की महिमा गा रहे थे। उनकी कामना थी कि उन्हें भी साहित्यत सत्करा का सौभाग्य मिले! उन्होंने अपने छोटे से गांव में अपने मित्रों को इकट्ठा किया और पुरस्कारों की योजना बनाने लगे। अब बात करते हैं, उन संपादकों की, जो इस साहित्यिक नाटक में असली कलाकार होते हैं। उन्होंने शब्दों को संजोने के लिए ऐसे जाल बिछाए हैं कि एक नया लेखक उनके जाल में छटपटाते हुए फँस जाए। संपादक, रौनक चौबे, एक ऐसा शख्स है, जो हर साल सैकड़ों साझा संकलनों का संपादन करता है। उन्होंने यह कला सीखी है कि कैसे लेखक को अपने जाल में फंसा कर उन्हें पैसे निकालने पर मजबूर किया जाए।"आपकी रचना में गहराई की कमी है," रौनक चौबे ने एक लेखक से कहा, "लेकिन अगर आप थोड़ी धनराशि अर्पित करेंगे, तो हम इसे प्रकाशित कर देंगे।" यह सुनकर लेखक का चेहरा ऐसा हो गया, जैसे उसकी मम्मी ने उसे मीठा खाने से मना कर दिया हो। अब हमें बात करनी है, पाठकों की। वे लोग जो हमेशा सबसे पीछे खड़े होते हैं और एक अदद अच्छी रचना की प्रतीक्षा करते हैं। पाठक कभी-कभी ऐसे दिखते हैं, जैसे कोई सपने में खोया हुआ बच्चा। वे अच्छी रचना को ऐसे देखते हैं, जैसे बच्चा मिठाई की दुकान में। लेकिन जब वह सच्चाई की ओर बढ़ता है, तो उसकी चॉकलेट की आसमानी दीवारें टूट जाती हैं। लेखकों को पुरस्कारों की आवश्यकता होती है, लेकिन यह पुरस्कार कभी उनके पास नहीं आते। जैसे ही पुरस्कारों की घोषणा होती है, लेखक अपने चश्मे को ठीक करने लगते हैं और सोचते हैं, "क्या ये वही लेखक है, जिसने कभी कुछ ढंग का लिखा नहीं?"

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चंद्रशेखर आजाद : क्रांति का तेजोमय सूर्य

27 फरवरी: चन्द्रशेखर आजाद पुण्यतिथि

हर साल 27 फरवरी को भारत की पावन धरती एक ऐसे ओजस्वी सपूत को श्रद्धा के फूल अर्पित करती है, जिसने अपने अनुपम शौर्य और असीम बलिदान से स्वाधीनता की अमिट गाथा रची। चन्द्रशेखर आजाद—यह नाम न केवल एक व्यक्तित्व, अपितु एक प्रचंड ज्वाला का प्रतीक है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के अंधेरे साम्राज्य को अपने तेज से भस्म करने का संकल्प लिया था। वे एक ऐसे क्रांतिवीर थे, जिनके हृदय में देशप्रेम की अग्नि धधकती थी और जिनके अद्भुत साहस ने नन्हे भारत के करोड़ों मन में स्वतंत्रता का स्वप्न जागृत किया। उनकी पुण्यतिथि हमें उस तेजोमय जीवन की स्मति में झुकने और उनके अधूरे संकल्पों को पूर्ण करने का आह्वान करती है। चन्द्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा (अब अलीराजपुर जिला) में हुआ। उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी और माता जगरानी देवी एक साधारण परिवार से थे, पर उनकी रगों में देशभक्ति का लहू दौड़ता था। नन्ही उम्र से ही चन्द्रशेखर के हृदय में स्वतंत्रता की आग धधक रही थी। उनकी माँ उन्हें एक निर्भीक और छोटा सिपाही बनाना चाहती थीं, और यह माँ की वह पवित्र आकांक्षा थी जो उनके जीवन में साक्षात् रूप ले चुकी थी। संस्कृत पाठशाला में प्रारंभिक शिक्षा पाने वाले चन्द्रशेखर की असली दीक्षा तब हुई, जब देश की गुलामी की जंजीरों ने उनके अंतर्मन को झकझोर दिया।

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार की वीभत्स घटना ने चन्द्रशेखर आज़ाद के हृदय में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। मासूम आँखों ने जब निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या का वह भयावह दृश्य देखा, तो उनका कोमल मन आक्रोश की अग्नि में तपकर फौलाद बन गया। मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही वे महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन के अग्रदूत बन गए। 1921 में जब उन्हें अंग्रेज़ों ने गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट ने

### अमर बलिदानी : एक नाम एक संकल्प, एक गाथा



उनका नाम पूछा, तो उन्होंने गर्व से अपना परिचय दिया— "आज़ाद!" पिता का नाम पूछे जाने पर उनका गर्जन हुआ— "स्वतंत्रता!" और घर?— "जेलखाना!" यह कोई साधारण उत्तर नहीं, बल्कि दासता की बेड़ियों को तोड़ने की हुंकार थी। वह ऐतिहासिक क्षण, जब उनके ओजस्वी शब्द गूंजे, उनके जीवन की दिशा और दशा निर्धारित कर गया। उसी दिन उन्होंने अपने अंतर्मन में यह अमिट संकल्प कर लिया कि वे इस मातृभूमि को कभी गुलामी के अभिशाप में जकड़ने नहीं देंगे।

असहयोग आंदोलन के मंद पड़ते ही चन्द्रशेखर आज़ाद की प्रचंड ऊर्जा ने क्रांति की राह पकड़ ली। अब वे अहिंसा से आगे बढ़कर सशस्त्र संग्राम के पथिक बन चुके थे। उनका संघर्ष किसी व्यक्तिगत विद्रोह का नहीं, बल्कि राष्ट्र को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त कराने का था। उन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की मशाल को अपने हाथों में थामा, जिसके परमवीर सेनापति रामप्रसाद बिस्मिल जैसे अद्वितीय योद्धा थे। 1925 का काकोरी कांड उनके शौर्य, संगठन कौशल और अदम्य साहस का जीवंत प्रमाण बन गया। इस ऐतिहासिक घटना में क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश खजाने पर धावा बोलकर न केवल हथियारों का जखीरा जुटाया, बल्कि साम्राज्यवाद की नींव तक हिला दी। भले ही इस संग्राम में बिस्मिल और उनके अनेक वीर साथियों को फांसी पर लटका दिया गया, लेकिन आज़ाद अपनी चतुराई और अद्वितीय रणकौशल से अंग्रेज़ी सरकार के लिए एक अबूझ पहेली बने रहे। वे कभी किसी के हाथ नहीं आए, और हर प्रयास के बावजूद ब्रिटिश सरकार उनकी छाया तक नहीं पकड़ सकी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सरकारें करने लगीं, जनता से व्यापार।
जिसको जनता ने चुना, वही हुई खूंखार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# खेती पर दिखने लगा है तापमान बढ़ोतरी का असर

जलवायु परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गर्मी वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चिंतनीय है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने की तरफ अग्रसर है। देश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोई हमारे देश के ही हालात नहीं हैं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो फैल ही रही हैं, संपूर्ण तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि एक ओर हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाई दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि के रूप में इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है।

जहां तक खेती-किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चक्र पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुवाई से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चक्र होता है। दरअसल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल-फूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल-फूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबी और उत्पादन में कमी स्वाभाविक है। दिसंबर, जनवरी की सर्दी और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चिंतनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, सर्दियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा असर खाद्यान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाई का समय होता है उस समय आंधी-तूफान या ओला-बरसात होकर फसल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी-फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो कुछ खाद्य वस्तुओं के भावों में कई गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है।

कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार-चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाई के रूप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिंता तो जताई जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है। आज दुनिया के देश आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चिंतित है। इसके लिए बड़े सम्मेलनों में चिंतन मनन हो रहा है। विश्व खाद्य संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेशान है ही उनकी चिंता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। खाद्यान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाई और सबकुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही। जलवायु परिवर्तन का असर जब साफ साफ सामने आने लगा है तो उस हालात में मौसम विज्ञानियों और कृषि विज्ञानियों के सामने बड़ी चुनौती आ गई है।

देश की बात



**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



### महाशिवरात्रि पर काशी में भव्य झांकी

# मंगला आरती के बाद निकली अखाड़ों की भव्य शोभायात्रा


**वाराणसी (आईएएनएस)**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा है। इस बार करीब 25 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जो पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पार कर रहा है। आधी रात से ही मंदिर के बाहर 3 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हैं और बाबा विश्वनाथ लगातार 46 घंटे तक भक्तों को दर्शन देंगे।

इस ऐतिहासिक आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्चाधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लेते दिखे। महाशिवरात्रि का यह उत्सव काशी में उस समय और भी खास हो गया, जब महाकुंभ का पलट प्रवाह यहां देखने को मिला। महाकुंभ और महाशिवरात्रि का यह संयोग वर्षों बाद बना है, जिसने श्रद्धालुओं की संख्या को अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर मंदिर न्यास और जिला प्रशासन ने इस अपार जनसमूह को संभालने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस, अर्धसैनिक बल, एटीएस कमांडो और एसटीएफ तैनात हैं। उच्चाधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा करके हालात का जायजा ले रहे हैं। काशी में महाशिवरात्रि पर अखाड़ों की शोभायात्रा भी इस बार भव्यता के साथ निकली। जूना अखाड़े के नागा साधु त्रिशूल, तलवार और गदा लेकर 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए निकले।

## बांसुरी स्वराज ने की भोलेनाथ की पूजा लगाया 'हर-हर महादेव' का जयकारा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सांसद बांसुरी स्वराज बुधवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा करने पहुंचीं। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं आप सभी लोगों को महाशिवरात्रि की बहुत-बहुत बधाई देती हूं। मुझे यहां आकर अद्भुत लगा, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मुझे यहां आकर दैवीय आनंद की अनुभूति प्राप्त हुई। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन प्रकृति में संतुलन का दिन है। आज के दिन हम सब यह संकल्प लेते हैं कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करें।



## दिल्ली से राजौरी तक महाशिवरात्रि की धूम, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालुओं ने

राजौरी/ नई दिल्ली, 26 फरवरी (आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती राजौरी जिले में महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर महादेव से प्रार्थना भी की। महिला श्रद्धालु ममता पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का बड़ा महत्व है। इस दिन सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। साथ ही राजौरी के पहाड़ी मंदिर में दर्शन करने से शांति मिलती है।





## महाकुंभ में 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 65 करोड़ का आंकड़ा पार कर कीर्तिमान गढ़ दिया है। महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर सुबह आठ बजे तक ही लाखों लोगों ने स्नान कर इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। कुम्भ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 65 करोड़ श्रद्धालुओं के किसी एक स्थान पर जुटने का इतिहास में और कोई उदाहरण नहीं दिखाई देता।

## महाकुंभ में फिट इंडिया का संदेश, गाजियाबाद से प्रयागराज तक की

गाजियाबाद के रहने वाले धनंजय ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। उन्होंने गाजियाबाद से प्रयागराज तक 600 किलोमीटर से अधिक की दूरी साइकिल से तय की, ताकि वे महाकुंभ मेले में शामिल हो सकें। धनंजय ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा रविवार सुबह 3 बजे शुरू की और लगातार साइकिल चलाते हुए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छोटे-छोटे ब्रेक लिए, लेकिन उनका हौसला कभी कम नहीं हुआ। धनंजय का मकसद सिर्फ महाकुंभ में शामिल होना ही नहीं था, बल्कि वे एक खास संदेश भी लेकर आए हैं।



### त्रिशूल और तलवार लहराते बाबा विश्वनाथ तक पहुंचे अखाड़े, साधु संत बोले -

## वाराणसी में महादेव के आशीर्वाद से महाकुंभ रहा भव्य-दिव्य

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। बुधवार सुबह से ही काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। इस बीच, निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस अवसर पर उनके साथ नागा साधु संन्यासियों भी मौजूद रहे। हाथों में तलवार, त्रिशूल लहराते हुए बैंड बाजों संग पेशवाई निकाली गई।



## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## संतों ने कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई, समाज को दिखाई राह : राष्ट्रपति



**छतरपुर (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है और समाज को सही राह दिखाई है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वरधाम में शिवरात्रि के मौके पर गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी जोड़ों के लिए उपहार लेकर आईं। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन और आटा चक्की दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से अपनी कर्म और वाणी से जन सामान्य को राह दिखाई है। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है, और जागरूक किया है। चाहे गुरु नानक हों, रविदास हों या संत कबीर दास, मीरा बाई हों या तुकाराम, सबने समाज को सही राह दिखाई है।

## सड़क के किनारे जमा पानी के गड्ढे में गिरने से 3 साल के बच्चे की मौत

**अररिया (हि.स.)।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के भागकोहलिया नया टोला वार्ड संख्या 11 में बुधवार को सड़क के किनारे बने गड्ढे में जमा पानी में गिरने से तीन साल के बालक की मौत हो गई। बालक सड़क पर बने कल्वर्ट पर अकेले खेल रहा था और इसी क्रम में वह कल्वर्ट से नीचे गिर गया। बगल से गुजरने वाले लोगों ने जब बालक को गड्ढे में गिरा देखा तो ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई।जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गड्ढे से बालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## बिहार में जातीय समीकरण साधने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार का लाभ मिलेगा एनडीए को?

- **नए बनाए गए 7 मंत्री 7 जाति के**
- **अक्टूबर-नवंबर में होना है विधान सभा चुनाव**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं । ऐसे में सात माह पहले नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली भाजपा - जदयू की सरकार का कैबिनेट विस्तार के मार्फत एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की से आरजेडी की अगुवाई वाले विपक्षी महागठबंधन को कितनी चुनौती मिलेगी यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा । लेकिन यह तो साफ है कि 2020 की ही तरह इस बार भी एनडीए व महागठबंधन के बीच कड़ी टक्कर होने जा रही है। नीतीश कुमार सरकार में शामिल होने वाले 7 मंत्री- संजय सरावगी (दरभंगा), सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहिबगंज), मोती लाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार मंटू (अमनौर) और विजय मंडल (सिकटी) हैं। बिहार की एनडीए सरकार में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के पास राज्य में 80 और जदयू के पास 44 विधायक हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के 4 विधायक हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) भी एनडीए गठबंधन में शामिल है।इन हालात में जातिवाद के लिए प्रसिद्ध बिहार में कैबिनेट का यह विस्तार भी जातियों को ध्यान में रखकर किया गया है।नए सभी 7 मंत्री भाजपा से हैं और जदयू को इसमें कोई जगह नहीं मिली है।


- **नए बने मंत्री** - जाति समुदाय
- **राजू सिंह** - राजपूत
- **कृष्ण कुमार मंटू** - कुर्मी
- **विजय मंडल** - केवट
- **जीवेश मिश्रा** - भूमिहार
- **डॉ. सुनील कुमार** - कुशवाहा
- **मोतीलाल प्रसाद** - तेली
- **संजय सरावगी** - वैश्य

कैबिनेट के इस विस्तार के साथ ही बिहार के मंत्रिमंडल में अब कोई जगह रिक्त नहीं है।जहां तक बिहार की जातीय समीकरण का सवाल है, तो राज्य में यादव जाति की आबादी 14.26% है। मुस्लिम समुदाय की आबादी 17.70% है। जहां तक कुर्मी जाति के नीतीश कुमार का सवाल है तो 2005 के बाद से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की सियासत की धुरी बने हुए हैं। नीतीश कुमार चाहे महागठबंधन के साथ रहे या एनडीए के साथ, वह जिस तरफ रहे हैं, बिहार में उसी गठबंधन की सरकार बनती रही है। बीते कुछ दिनों में नीतीश कुमार पाला बदल सकते हैं। लेकिन नीतीश ने इस तरह की चर्चाओं को पूरी तरह बेबुनियाद बताया और सिरे से खारिज कर दिया। नीतीश ने बार-बार कहा है कि वह अब इधर-उधर नहीं जाएंगे और एनडीए के साथ ही बने रहेंगे। हाल ही में पीएम मोदी भागलपुर पहुंचे थे और वहां उन्होंने नीतीश कुमार को बिहार की जनता का लाडला बताया था। इसका स्पष्ट संदेश है कि भाजपा - जदयू एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी दो दिन के बिहार प्रवास पर आए व नीतीश कुमार के साथ ही बिहार भाजपा के सभी बड़े नेताओं से मुलाकात कर पार्टी को एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का निर्देश दिया। इधर नीतीश कुमार इस बात पर राजी हुए कि सभी मंत्री भाजपा के कोटे के बनें।भाजपा ने भी यह संदेश दिया है कि विधानसभा के चुनाव में एनडीए की तरफ से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे।

# रमजान में खजूर खाकर ही क्यों खोला जाता है रोजा? पैगंबर मोहम्मद से क्या है कनेक्शन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना 'रमजान' शुरू होने वाला है। इस साल रमजान का आगाज 1 या 2 मार्च 2025 से होगा, जो अगले 30 दिनों तक चलेगा। रमजान की तारीख में बदलाव संभव है, क्योंकि चांद का दीदार कर ही रोजेदार पहले रोजे की शुरुआत करते हैं। रोजे में खजूर का सेवन किया जाता है। इसका धार्मिक ही नहीं सेहत से भी गहरा कनेक्शन है! रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे मुसलमान पूरे विश्व में रोजा रखकर (उपवास) मनाते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, जिसे रोजा कहा जाता है। इफ्तारी के वक्त खजूर का सेवन किया जाता है। इसका धार्मिक ही नहीं सेहत के लिहाज से भी बड़ा महत्व है। आखिर इफ्तार पर इसे ही क्यों चुना गया और इसे खाने से क्या लाभ होता हैं? इस्लाम में खजूर से रोजा खोलने को सुन्नत माना गया है। इस्लाम में मान्यता है कि पैगंबर हजरत मोहम्मद को खजूर काफी पसंद था, वे रोजा खोलने वक्त इसे खाते थे बाद में ये परंपरा बन गई, जो आज तक बदस्तूर कायम है। धार्मिक मान्यता के साथ ही खजूर को स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक माना गया है। कहते हैं कि खजूर में प्राकृतिक ऊर्जा होती है, जो रोजे के दौरान शरीर को ऊर्जा देने का काम करती है। खजूर स्वाभाविक रूप से मीठे होते हैं और उनमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा और फाइबर, ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होता है। खजूर में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो पूरे दिन खाने-पीने से परहेज के दौरान भी शरीर में पानी की कमी नहीं होने देते। ये छोटा सा फल पाचन तंत्र के लिए भी लाभकारी है। खजूर में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होता है, जो रोजे के दौरान पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।



रमजान के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान एक-दूसरे को मुबारकबाद दे अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं।

## महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया : सीएम योगी

**गोरखपुर (आईएएनएस) ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है।

**आज का मैच**
**पाकिस्तान Vs बांग्लादेश**
**वेन्यू : रावलपिंडी**
समय : दोपहर **2:30** बजे से





## मेसी के गोल से इंटर मियामी ने कॉनकाकाफ चैंपियंस कप के अंतिम-16 में जगह बनाई



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)(आईएएनएस)।** इंटर मियामी सीएफ ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 2025 कॉनकाकाफ चैंपियंस कप राउंड वन मैचअप के दूसरे चरण में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी पर 3-1 से जीत हासिल की और कुल मिलाकर 4-1 से सीरीज जीतकर प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। कप्तान लियोनल मेसी की शानदार वॉली, हमलावर तादेओ एलेंडे का पहला आधिकारिक इंटर मियामी गोल और स्टार फॉरवर्ड लुइस सुआरेज के स्ट्राइक ने टीम को चेस स्टेडियम में मूल्यवान जीत दिलाई।क्लब अब राउंड ऑफ 16 में 2024 कॉनकाकाफ कैरेबियन कप चैंपियन कैवेलियर एफसी से भिड़ेगा, जिसका पहला चरण 6 मार्च को चेस स्टेडियम में होगा। दूसरा चरण 13 मार्च को जमैका के किंग्स्टन में स्टेडियम ईस्ट फील्ड में खेला जाएगा। मियामी ने मैच की शुरुआत की और 19वें मिनट में मेसी के गोल के साथ ओपनर को जल्दी ही पा लिया। इंटर मियामी की रिपोर्ट के अनुसार, काउंटर पर एक त्वरित खेल का समापन सुआरेज द्वारा बाएं विंग पर गेंद प्राप्त करने के साथ हुआ, जिन्होंने फिर बॉक्स के किनारे मेसी के लिए एक सटीक क्रॉस दिया। अर्जेंटीना के दिग्गज ने गेंद को अपनी छाती से नीचे लाया और फिर एक शक्तिशाली बाएं पैर से वॉली को निकट पोस्ट पर फेंका। यह गोल मेसी का इस चैंपियंस कप अभियान का दूसरा गोल था, जबकि सुआरेज के लिए यह सहायता पहला गोल था। जैसे-जैसे मैच हाफ के करीब पहुंचा, इंटर मियामी ने अतिरिक्त समय के पहले मिनट में हमलावर एलेंडे के माध्यम से अपनी बढ़त बढ़ा दी। बाएं किनारे पर एक और त्वरित खेल में अल्बा ने बॉक्स में प्रवेश करने से पहले गेंद प्राप्त की और एलेंडे को नज़दीकी रेंज से गोल करने के लिए ग्राउंडेड बॉल दी।

### चैम्पियंस ट्रॉफी में बड़ा उलटफेर

# अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को किया बाहर, जादरान ने रचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 में 8वां मुकाबला बुधवार को अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में अफगानिस्तानी टीम ने रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की. इस हार के साथ ही जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जा रही आईसीसी चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 में अफगानस्तिान और इंग्लैंड के बीच मुकाबला जारी है. यह मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें अफगानस्तिान टीम के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 326 रनों का टारगेट सेट किया. जवाब में इंग्लैंड ने 9 विकेट गंवाकर 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं.

**इंग्लैंड की शुरुआत रही बेहद खराब**

इंग्लैंड टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. उसने 30 रनों पर ही 2 विकेट गंवा दिए. पहले अजमतुल्लाह उमरजई ने फिल सॉल्ट (12) को क्लीन बोल्ड किया. इसके बाद मोहम्मद नबी ने जेमी स्मिथ (9) को कैच आउट कराया.

बेन डकेट ने जो रूट के साथ मिलकर 68 रनों की पार्टनरशिप की, लेकिन वो ज्यादा देर नहीं टिक सके. इंग्लैंड को 98 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा. राशिद खान ने डकेट (38) को शिकार बनाया. फिर जो रूट ने जोस बटलर के साथ मिलकर 83 रन जोड़े।

मगर 216 के स्कोर पर इंग्लैंड की आधी टीम सिमट गई. बटलर भी 38 रन बनाकर उमरजई के शिकार बने. लियाम लिविंगस्टोन भी 10 रन बनाकर गुलबदीन का शिकार हुए. अफगान टीम ने इंग्लैंड को सबसे बड़ी झटका 287 के स्कोर पर दिया. उमरजई ने जो रूट को कैच आउट कराया. रूट 111 गेंदों पर 120 रन बनाकर आउट हुए.

**जादरान ने खेली ऐतिहासिक पारी खेली, जड़ा शतक**

अफगान टीम के लिए इब्राहिमि जादरान ने ऐतिहासिक पारी खेली और ताबड़तोड़ अंदाज में शतक जड़ा. वो चैम्पियंस ट्रॉफी में शतक जड़ने वाले पहले अफगानी प्लेयर बन गए हैं।

जादरान ने मैच में 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और 12 चौके जमाए। जादरान के अलावा अजमतुल्लाह उमरजई ने 41, शाहिदी ने 40 और मोहम्मद नबी ने भी 40 रनों की धांसू पारी खेली. इसके बदौलत अफगान टीम ने 7 विकेट पर 325 रन बनाए. इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ही कमाल दिखा सके।




जादरान ने मैच में 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी खेली

## गुकेश डी और मनु भाकर को स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार



**लखनऊ (आईएएनएस)।** टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स (तोइसा) का सातवां संस्करण भारतीय खेल उत्कृष्टता के असाधारण समारोह के साथ संपन्न हुआ, जो देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। लखनऊ में आयोजित इस भव्य समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खेल दिग्गज और गणमान्य व्यक्ति एक साथ आए, जिन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। क्रिकेट दिग्गज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाजी सनसनी स्मृति मंधाना ने क्रिकेट पुरस्कार जीते, जबकि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और स्प्रिंट सनसनी ज्योति याराजी ने एथलेटिक्स श्रेणी में दबदबा बनाया। एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, शतरंज प्रतिभा गुकेश डी और निशानेबाजी की स्टार मनु भाकर ने प्रतिष्ठित स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार साझा किया। हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को टीम ऑफ द ईयर के रूप में मान्यता दी गई, जो उनकी उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय सफलता को दर्शाता है। गोलकीपर सविता के नेतृत्व में महिला हॉकी टीम को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशंसा मिली।

## आईसीसी परीक्षण के बाद कुहनेमैन को गेंदबाजी करने की अनुमति मिली: रिपोर्ट

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को गेंदबाजी जारी रखने की अनुमति मिल गई है, क्योंकि आईसीसी ने उनके गेंदबाजी एक्शन को वैध माना है। इससे उनके टेस्ट करियर और ऑस्ट्रेलिया के आगामी कैरेबियाई दौरे को बढ़ावा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुहनेमैन को बुधवार को बताया गया कि ब्रिस्बेन में बायोमैकेनिकल परीक्षण से पुष्टि हुई है कि उनका गेंदबाजी एक्शन आईसीसी द्वारा मंजूर 15 डिग्री कोहनी विस्तार सीमा से अधिक नहीं है। 28 वर्षीय कुहनेमैन की श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की हालिया श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दौरान रिपोर्ट की गई थी, जिससे यह चिंता बढ़ गई थी कि उन्हें अपने गेंदबाजी एक्शन में बदलाव करने की आवश्यकता हो सकती है। यह खबर कुहनेमैन के लिए राहत की बात है, जिन्होंने श्रीलंका पर ऑस्ट्रेलिया की 2-0 की सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी और 17.18 की औसत से 16 विकेट लिए थे। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण में एक प्रमुख हथियार के रूप में स्थापित किया था, लेकिन रिपोर्ट ने उनके करियर को बाधित करने की धमकी दी।

## मेजबान पाकिस्तान ने बांग्लादेश को नहीं हराया तो उनके नाम होगा अनचाहा रिकॉर्ड

**रावलपिंडी(आईएएनएस)।** आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए 29 सालों का लंबा इंतजार करने वाला पाकिस्तान महज छह दिनों के अंदर प्रतियोगिता से बाहर हो गया। इतना ही नहीं अब तक उनके खाते में एक जीत भी नहीं आई, अब जब रावलपिंडी में वह बांग्लादेश के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलने उतरेंगे तो उनके सिर पर एक अनचाहे रिकॉर्ड का खतरा होगा।

दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है कि टेस्ट खेलने वाले देश को मेजबानी मिली हो और वह पूरी प्रतियोगिता में एक भी मैच न जीते हों। सिर्फ केन्या एक ऐसा देश है जिन्हें 2000 में मेजबानी मिली थी और वह अपने पहले ही मैच में भारत से आठ विकेट से हारकर बाहर हो गए थे। तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी नॉक-आउट फॉर्मेट में खेली जाती थी।




### बांग्लादेश के काम न आया अनुभव

दूसरी तरफ बांग्लादेश की बात की जाए तो इस टीम ने भारत के खिलाफ लड़ाई तो की लेकिन अपने अनुभवी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से निराश रही। मुशफिकुर रहीम और महमूदुल्लाह जैसे खिलाड़ियों ने जहां बल्लेबाजी में निराश किया तो गेंद से मुस्तफिजुर रहमान का प्रदर्शन भी बांग्लादेश को कचोटता रहा। तौहीद हृदोय और युवा कप्तान नजमुल शान्तो ने जी जान लगाते हुए टीम की नैया पार करने की कोशिश तो की लेकिन भारत और न्यूजीलैंड के हाथों उन्हें हार ही मिली और इस तरह उनका सफर भी समाप्त हो गया।

## दक्षिण कोरिया ने अंतिम मुकाबले में भारत को 3-0 से हराया

**शारजाह(आईएएनएस)।** भारतीय सीनियर महिला टीम बुधवार को अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में अपने अंतिम पिंक लेडीज कप मुकाबले में दक्षिण कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज कोरियाई टीम हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। पहले हाफ में चोई यूजंग और चोई डाग्योंग ने कोरिया को बढ़त दिलाई, जबकि मुन यूंजू ने 81वें मिनट में तीसरा गोल दागा। पिंक लेडीज कप में भारत ने तीन मैच खेले, जिसमें जॉर्डन के खिलाफ पहला मैच जीता, उसके बाद रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा। जैसा कि उम्मीद थी, कोरियाई टीम ने बहुत ही आक्रामक खेल दिखाया और शुरू से ही भारतीय हाफ में छा गई। क्रिस्पिन चेत्री की लड़कियों ने शुरुआती फासले को कम करने का श्रेय दिया।

## 'टीम ने सभी योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया': जोनासन

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल 2025 में शानदार वापसी करते हुए गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, ऑलराउंडर जेस जोनासन ने कहा कि टीम ने सभी बॉक्सों पर टिक किया और खेल की शुरुआत से ही योजना को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया।

डीसी ने शुरुआत में ही नियंत्रण हासिल कर लिया, और मददगार परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया। मारिजान कैप (2-17) और शिखा पांडे (2-18) की अनुभवी नई-गेंद जोड़ी ने जीजी के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया, और उन्हें 127/9 के मामूली स्कोर पर रोक दिया। फिर, जोनासन (32 गेंदों पर नाबाद 61) और शेफाली वर्मा (27 गेंदों पर 44) ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पूर्व की संयमित डब्ल्यूपीएल फिफ्टी ने उन्हें



प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया। जीत पर विचार करते हुए, जोनासन ने कहा, "टीम ने सभी बॉक्सों पर टिक किया और शुरुआत से ही योजनाओं को अच्छी तरह से लागू किया। हमने पावरप्ले में चार विकेट लिए, मारिजान (कैप) और शिखा (पांडे) की बदौलत, जिसने हमारे लिए लय तय की। इसके अलावा, हमने अपनी फील्डिंग में भी अच्छा प्रदर्शन किया और कुछ बेहतरीन कैच पकड़े।" जोनासन को बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर पदोन्नत किया गया।

## एंडरसन को पछाड़कर सबसे तेज 50 वनडे विकेट लेने वाले इंग्लैंड के गेंदबाज बने आर्चर

**लाहौर,(आईएएनएस)।** जोफ्रा आर्चर यहां गद्दाफी स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में 50 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले इंग्लैंड के सबसे तेज गेंदबाज बन गए। आर्चर ने धमाकेदार शुरुआत की और बुधवार को तीन तेज विकेट लेकर अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। इस प्रक्रिया में, उन्होंने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की- एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट में 50 विकेट पूरे किए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे इंग्लैंड के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए, उन्होंने दिग्गज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ दिया। आर्चर की उपलब्धि से पहले, एंडरसन ने 31 मैचों में इंग्लैंड के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन आर्चर एक कदम आगे निकल गए, उन्होंने अपने 30वें वनडे में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। इसके साथ ही उन्होंने स्टीव हार्मिसन (32 मैच), स्टीवन फिन (33 मैच) और स्टुअर्ट ब्रॉड और डैरेन गॉफ (दोनों 34 मैच) सहित अन्य उल्लेखनीय इंग्लिश गेंदबाजों को भी पीछे छोड़ दिया। वैश्विक मंच पर, श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम अभी भी सबसे तेज 50 वनडे विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड है, जिन्होंने सिर्फ 19 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। तेज गेंदबाजों में, भारत के अजीत अगरकर सबसे तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जिन्होंने सिर्फ 23 वनडे में यह उपलब्धि हासिल की है।फगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पावरप्ले में उनका स्कोर 39/3 हो गया। तेज गेंदबाज ने स्ट्राइक बैटर रहमानुल्लाह गुरबाज (6) को इनस्विंगिंग फुलर डिलीवरी से आउट किया। फिर उन्होंने सेदिकुल्लाह अटल को चार रन पर विकेट के सामने लपक लिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है भारत : हरदीप पुरी



**गुवाहाटी/ नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है।

हरदीप सिंह पुरी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 19.6 फीसदी मिश्रण का लक्ष्य पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 20 फीसदी से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार किया जा रहा है।

केंद्रीय पेट्रालियम मंत्री ने कहा कि हमने 2026 तक 20 फीसदी सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 फीसदी हासिल कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले महीने 20 फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण क्षमता है, जबकि पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब यूएस डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है, वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है लेकिन ऐसा अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और मांगों से निपटते हुए ही करना होगा।

**19.6 फीसदी**
मिश्रण का लक्ष्य पहले ही हासिल किया जा चुका है।

**1700 करोड़**
लीटर मिश्रण क्षमता है, जबकि पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है।

**भारत**
विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब यूएस डॉलर खर्च कर रहा है

## दिल्ली एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 अप्रैल से रहेगा बंद

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 आगामी अप्रैल से 4-5 महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। इस अवधि के दौरान 'अपग्रेडेशन' के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टर्मिनल 2 (टी2) अप्रैल से चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। इस हवाई अड्डे में तीन टर्मिनल टी1, टी2 और टी3 हैं। डायल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि टी-2 को अप्रैल में चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टर्मिनल-1 (टी-1) का काम 15 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है, इसे अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद उड़ानों के लिए खोल दिया जाएगा। टी-2 के करीब 1.5 करोड़ यात्रियों को टी-1 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण हवाई अड्डा संचालक टी-3 के उस हिस्से को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला जाएगा।

## स्पाइसजेट का राजस्व तीसरी तिमाही में 36 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी और तीसरी तिमाहियों के वित्तीय परिणाम जारी किए। तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में सालाना आधार पर उसके समेकित परिचालन राजस्व में 36.30 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह एक साल पहले की समान तिमाही के 1,850.4 करोड़ रुपये से घटकर 1,178.7 करोड़ रुपये रह गया। समेकित आधार पर तीसरी तिमाही में कुल आय पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2156.6 करोड़ रुपये से कम होकर 1,654.2 करोड़ रुपये रह गई है। यह 23.30 फीसदी की गिरावट दिखाता है। इस दौरान घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ने के बावजूद यह गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि देश में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या पिछली आठ तिमाहियों से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में स्पाइसजेट का शुद्ध घाटा बढ़कर 441.7 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसे 431.54 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। बजट एयरलाइन का राजस्व दूसरी तिमाही में 817.12 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,425.29 करोड़ रुपये था। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी बाजार हिस्सेदारी और यात्रियों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। दूसरी तिमाही में 9.69 लाख यात्रियों ने उसकी उड़ानों का चयन किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 2.5 प्रतिशत रह गई। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एयरलाइन ने 15.90 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करते हुए 4.3 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की थी। त्योहारी मौसम वाली मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एयरलाइन ने 12.67 लाख यात्रियों को हवाई सफर करवाया और तीन प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की।

**दूसरी तिमाही में नुकसान बढ़कर 441 करोड़ हुआ**




## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर पर संभावित शुल्क की जांच के दिए आदेश

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर के आयात से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को लेकर संबंधित खतरे की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कार्यकारी आदेश के तहत एयरक्राफ्ट, वाहन, जहाज और दूसरे मिलिट्री हार्डवेयर बनाने में इस्तेमाल होने वाले मेटल पर नए शुल्क लगाए जा सकते हैं। ट्रंप ने वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को 1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 के तहत जांच करने का निर्देश दिया। जिसके अनुसार अगर कोई आयात संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है तो राष्ट्रपति को आयात प्रतिबंध लगाने की अनुमति है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम ऐसे समय उठाया गया है।

## किसान क्रेडिट कार्ड की राशि 10 लाख करोड़ रुपये के पार, 7.72 करोड़ किसानों को मिला लाभ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेटिव किसान क्रेडिट कार्ड खातों के तहत आने वाली राशि मार्च 2014 में 4.26 लाख करोड़ रुपये से दोगुनी से अधिक होकर दिसंबर 2024 में 10.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह कृषि में ऋण उपलब्धता और गैर-संस्थागत ऋण पर निर्भरता में कमी को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "यह कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों के लिए किसानों को दिए जाने वाले किफायती कार्यशील पूंजी ऋण की मात्रा में शानदार वृद्धि को दर्शाता है।" केसीसी एक बैंकिंग प्रोडक्ट है जो किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे कृषि इनपुट खरीदने के साथ-साथ फसल उत्पादन और संबंधित गतिविधियों से नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए समय पर और किफायती ऋण प्रदान करता है।

## महाशिवरात्रि के दिन जाम से राजधानी रांची रही हलकान



*महाशिवरात्रि के कारण रांची की सड़कें जाम रहीं सबसे ज्यादा जाम निर्माणाधीन रातू रोड और हरमू रोड में देखा गया। शिव बारात के समय जाम में फंसे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भी वाहन छोड़कर पैदल जाते देखा गया।*

# योग भगवान शिव के शरण में पहुंचाने का एक उत्तम मार्ग है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भगवान शिव राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक माने जाते हैं, योगाचार्य महेश पाल बताते है कि भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है, महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। योग विद्या में भगवान शिव को आदियोगी, आदि गुरु आदि नामो से जाना जाता है। भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को योग की विद्या का ज्ञान दिया जिसको संकलित हठयोगीक ग्रंथ शिवसंहिता मैं किया गया। जिसमें योग ज्ञान का वर्णन, नाड़ी संस्थान का वर्णन करने के साथ ही पांच प्राण उप प्राण का वर्णन, आसन व प्राणायाम व मुद्रा और साधक की घट परिचय निष्पत्ति आदि अवस्था का वर्णन मिलता है। इसमें साधक के प्रकार व सप्त चक्र किस तरह हमारे जीवन में उपयोगी है। उसका विस्तार से माता पार्वती जी को भगवान शिव द्वारा बताया गया है। सामान्य मानव जीवन के लिए योग आवश्यक है।



योग के द्वारा मानव अपने मन व इंद्रियों को स्थिर कर स्वयं को संसार के सभी बंधनों से मुक्त कर सकता है। धर्म की राह पर आगे बढ़कर योग द्वारा अपनी चेतना को विकसित कर अपने जीवन के उद्देश्य को पूर्ण करने मै सफल हो जाता है।

## झारखंड में 28 और एक को छाएंगे बादल, बारिश के आसार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 28 फरवरी और एक मार्च को बादल छाने के आासार हैं। इससे राज्य के उत्तरी हिस्से पलामू और संताल परगना समेत उत्तरी भाग के जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। जबकि, इस दौरान शेष झारखंड में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक नए विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव होगा, लेकिन यह झारखंड के उत्तरी हिस्सों को ही प्रभावित करेगा। इससे गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग और संताल परगना के सभी जिलों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कहीं-कहीं हल्के स्तर की बारिश हो सकती है। जबकि, रांची समेत अन्य जिलों में अगले चार दिनों के दौरान आंशिक बादल छा सकते हैं।

राज्य के विभिन्न जिलों में बुधवार को आसमान में हल्के बादल छाए। रांची और मेदिनीनगर का न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री रहा। जबकि, जमशेदपुर का 16.5 और बोकारो का 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची का पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री रहा।

मौसम विभाग वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य के उत्तरी भाग में 28 फरवरी और एक मार्च को बादल छा सकते हैं। यह बदलाव एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगा। इसके कारण रांची समेत राज्य के दक्षिणी हिस्से में आंशिक बादल छा सकते हैं। लेकिन, इन जिलों में तापमान में बड़े बदलाव की संभावना कम है।

### झारखंड पुलिस एसो. चुनाव अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल मुर्मू बोले

## पुलिस पदाधिकारी चाहते हैं बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल मुर्मू ने कहा सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं। इसको लेकर राहुल मुर्मू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों के होने वाले चुनाव में पूरे राज्य से कुल 1056 प्रतिनिधि (डेलिगेट) मतदान करेंगे। केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन में कुल सात पद के लिए चुनाव होना है जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एक, महामंत्री,दो संयुक्त सचिव और एक संगठन सचिव शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के सभी जिला, वाहिनी, इकाई भ्रमण करने के बाद यह बात प्रकाश में आया कि पुलिस पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं पर पूर्व के एसोसिएशन केंद्रीय पदाधिकरियो से उदासीनता, उपेक्षाक्षा,पूर्वाग्रह का शिकार हुए हैं। सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं।

### 2 साल देरी से कराया जा रहा है चुनाव

राहुल ने कहा कि पुलिस एसोसिएशन के सदस्य पुलिस पदाधिकारी में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, क्योंकि यह चुनाव अपने नियत कार्यकाल से दो साल देरी से कराया जा रहा है, हमारी टीम विजय होकर आने पर सभी पुलिस पदाधिकारी के सम्मान, विभिन्न समस्या, स्थानांतरण में एकरूपता, स समय प्रोन्नति, आर्थिक लाभ आधारभूत संरचना, वर्षों से लंबित एसीपी एमएसीपी का लाभ प्रदान कराया जाना सभी प्रकार के भत्ते का पुनरिच्छित करते हुए भुगतान कराया जाना सहित सभी सदस्यों के इलाज के लिए जल्द से जल्द बेहतर सुविधा प्रदान कराया जाना हमारी प्रमुखता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सड़क हादसे में सांसद महुआ माजी के...**

कार के अंदर गैस भर गई थी। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कार का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। इसी बीच महुआ माजी के बेटे सोमवित ने अंदर से गेट खोला। इस बीच देखा कि महुआ माजी बेहोश पड़ी थीं। करीब 10 मिनट तक बेहोश रहने के बाद उन्हें होश में लाया गया। लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तत्काल एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं और सांसद समेत अन्य को सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार देने के बाद चिकित्सक ने रांची रेफर कर दिया।

**देवघर का शिवरात्रि महोत्सव...**

स्थल को और बेहतर करने के लिए सरकार मंथन करेगी और इसमें आपका सहयोग काफी मायने रखेगा । आने वाले समय में आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाना है।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शिव बारात महोत्सव में मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक उदय शंकर सिंह, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, संताल परगना के आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़िदेशी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अंबर लकड़ा तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**आदिवासियों की 'मिनी एसेंबली' ट्राइबल...**

अधिसूचना जारी की गई है। काउंसिल में जिन विधायकों को जगह दी गई है, उनमें झामुमो के प्रो. स्टीफन मरांडी, आलोक कुमार सोरेन, लुईस मरांडी, संजीव सरदार, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, रामसूर्य सिंह मुंडा, जिग्गा सुसारन होरो, कांग्रेस के राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं रामचंद्र सिंह और भाजपा के बाबूलाल मरांडी एवं चंपई सोरेन शामिल हैं। इनके अलावा मनोनीत सदस्य के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका निवासी जोसाई मार्डी और रांची के रोल गांव निवासी नारायण उरांव को भी जगह दी गई है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव इस काउंसिल के सचिव होंगे। काउंसिल का कार्य संचालन 2021 में बनी नई नियमावली के अनुरूप होगा। पूर्व में काउंसिल के गठन की स्वीकृति के लिए राजभवन की मंजूरी आवश्यक थी। नई नियमावली में गठन का अधिकार मुख्यमंत्री को दिया गया है।

### राज्यपाल ने नमो ई-लाइब्रेरी सह साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर का किया उद्घाटन, कहा

# यह पुस्तकालय नहीं बल्कि डिजिटल शिक्षा का केंद्र है

*यह केंद्र 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : राज्यपाल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को अरगोड़ा में नमो ई-लाइब्रेरी सह साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर के उद्घाटन किया। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए रांची की जनता के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया और इस महत्वपूर्ण स्थापना के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि यह केंद्र 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस उल्लेखनीय पहल के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और साइबरपीस फाउंडेशन की सराहना की।




राज्यपाल ने 'नमो ई-लाइब्रेरी' को ज्ञान का भव्य द्वार बताते हुए कहा कि यह केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि डिजिटल शिक्षा और शोध का एक अत्याधुनिक केंद्र है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में 2005 में पुस्तकालय की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि इस केंद्र के लिए एक उपयुक्त व पृथक स्थान तलाश कर इसे और विस्तार दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इससे लाभान्वित हो सकें। साथ ही, इसके संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए समाज से निरंतर सुझाव लिए जाएं।

राज्यपाल ने साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र तकनीकी सशक्तीकरण का सशक्त माध्यम बनेगा। आशा है कि इस प्रकार के पहल झारखंड को साइबर सुरक्षा, तकनीकी शिक्षा और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उक्त अवसर पर राजयपाल ने वहां स्थापित बुक बैंक का भी अवलोकन किया।

## शादी में रांची आई महिला के 5 लाख के जेवर समेत नकदी चोरी

**रांची।** नोएडा से शादी समारोह में शिरकत करने जगन्नाथपुर क्षेत्र में आई सोनिका खुराना नामक महिला ने 5 लाख के जेवर समेत नगदी चोरी के आरोप में जगन्नाथपुर थाने में मंगलवार को केस दर्ज कराया है। उन्होंने कार चालक दिनेश सिंह को आरोपी बनाया है। आवेदन में कहा है कि वह तीन से पांच दिसंबर तक शादी समारोह में शामिल होने के लिए तुपुदाना के एक रिसोर्ट में परिजनों के साथ रुकी थीं। पांच की सुबह सामान गाड़ी में रखवाकर वह रिसोर्ट से चेकआउट कर गईं। उसी वाहन से हटिया और कडरू में रिश्तेदार से मिलने गईं। इसके बाद वहां से नोएडा लौट गईं। वहां देखा कि सोने का नेकलेस, कान की बाली, सोने का कड़ा, सोने की चेन और तीन हजार रुपये गायब थे। इसके बाद पति रांची वापस आए। सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि चालक सामान लेकर कुछ देर के लिए कहीं गया था।

### कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा का आरोप

# 'आईआईटी रांची में ऑनलाइन संवाद में चला था अश्लील वीडियो'

*संस्थान का इंकार*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने आरोप लगाया है कि रांची के ट्रिपल आईटी के छात्रों के साथ हाल में उनके एक ऑनलाइन सेशन को किसी ने हैक करते हुए अश्लील वीडियो का प्रसारण कर दिया। इस हरकत की वजह से हमें और आयोजकों को कार्यक्रम रोकना पड़ा। पित्रोदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो के दौरान इस कथित शर्मनाक घटना का जिक्र किया है। रांची ट्रिपल आईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के पब्लिक ग्रिवांस ऑफिसर रूपेश कुमार वर्मा ने ऐसी किसी घटना से साफ तौर पर इंकार किया है। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि सैम पित्रोदा को संस्थान की ओर से आज तक कभी किसी कार्यक्रम के लिए न तो आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया



गया है और न ही उन्होंने कभी किसी ऑफिशियल कार्यक्रम में भाग लिया है। वह खुद हैरान हैं कि पित्रोदा ने कब और कहां ट्रिपल आईटी के छात्रों के साथ संवाद किया। सैम पित्रोदा ने अपने वीडियो में आईआईटी, रांची का जिक्र किया है। वस्तुतः रांची में कोई आईआईटी नहीं है, बल्कि ट्रिपल आईटी है, जिसने इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है। ट्रिपल आईटी के रजिस्ट्रार डॉ. जयदीप पति ने भी आईएएनएस को बताया कि सैम पित्रोदा को हमारे संस्थान ने कभी भी किसी इवेंट में सशरीर या वर्चुअली भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया है।

पित्रोदा ने एक्स पर जो वीडियो पोस्ट किया है, उसका टाइटल है, 'सैम के साथ संवाद : उथल-पुथल के दौर में गांधी की प्रासंगिकता।' उन्होंने इसी वीडियो में कहा है कि हाल ही में मैं रांची आईआईटी में लगभग 100 छात्रों को संबोधित कर रहा था, तभी किसी ने सत्र को हैक कर अश्लील वीडियो चलाना शुरू कर दिया। हमें मजबूरन कार्यक्रम रोकना पड़ा। क्या यही लोकतंत्र है? क्या यही निष्पक्षता है?

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह घटना बताती है कि शिक्षण संस्थान अब अपने लोकतांत्रिक और स्वतंत्र चरित्र खोते जाते हैं। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अकादमिक चर्चाओं की अखंडता और विचारों के स्वतंत्र आदान-प्रदान को कमजोर करती हैं। पित्रोदा ने यह नहीं बताया कि क्या उन्होंने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज कराई है या नहीं। पित्रोदा के इस दावे पर कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए हैं।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो ने पीआईबी के साथ मिलकर चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यालय में पिछले दिनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के संपन्न होने पर पीआईबी के साथ संयुक्त रूप से बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टाइम्स आफ इंडिया, रांची की वरिष्ठ पत्रकार कृतिका तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई। जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि एवं सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान तथा क्षेत्र प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि कृतिका तिवारी को शॉल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर कृतिका तिवारी ने कहा कि सफाई की शुरूआत सबसे पहले हमें अपने




मन से करनी चाहिए। उसके बाद अपने घर से फिर अपने कार्य स्थल तथा समाज एवं देश के प्रति सफाई के प्रति नागरिक फर्ज को निभाना चाहिए। उन्होंने शहर में सूखे एवं गीले कचरे का अभी भी आम नागरिकों द्वारा अलग नहीं किए जाने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। वहीं राजधानी रांची में झीरी डंपिंग क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाये जा रहे कचरा निस्तारण केंद्र के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी। इसके अलावा वहां आ रही कठिनाइयों से रूबरू कराया। केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने स्वच्छता ही सेवा पर आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभाग द्वारा पिछले दिनों चलाए गए स्वच्छता अभियानों की की चर्चा की। इस अवसर पर जिन कर्मचारियों ने विशेष योगदान किया, उन्हें सम्मानित करने की विशेष पहल से भी उन्होंने सभी को रूबरू किया।

स्वागत भाषण में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने स्वच्छता के प्रति हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार को सभी के समक्ष रखा तथा पीआईबी एवं सीबीसी द्वारा आयोजित इस जागरूकता अभियान के लक्ष्य एवं सार्थकता के बारे में उपस्थित कर्मियों एवं अधिकारियों को जानकारी दी। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों को कर्मचारियों से पूछा गया। सही उत्तर देने वाले को डस्टबिन देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए सम्मानित किया गया। साथ ही आज के कार्यक्रम में शामिल सभी कर्मियों को प्रोत्साहन स्वरूप वाटर बोतल दिया गया।

मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत सभी ने स्वच्छता की शपथ ली तथा हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने का प्रण किया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में विशिष्ट अतिथि एवं अधिकारियों द्वारा झाड़ू के साथ सफाई अभियान भी चलाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले बाबूलाल मरांडी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विस सदस्य बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की।

### घायल सांसद महुआ माजी से मिले इरफान अंसारी और संजय सेठ



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सड़क दुर्घटना में घायल राज्यसभा सांसद महुआ माजी से अस्पताल में जाकर हालचाल जाना। अस्पताल में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और मंत्री इरफान अंसारी ने आपस में चर्चा की की। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि महुआ माझी अब खतरे से बाहर हैं और जल्द ही स्वस्थ होकर लोगों के बीच वापस आएंगी।

### अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में भक्तिमय मना महाशिवरात्रि



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को श्री श्याम मंडल के तत्वाधान में महा शिवरात्रि का भक्तिमय वातावरण में भव्य आयोजन किया गया। प्रातः से ही भक्तजनों का लंबी कतार में खड़े होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए आतुर थे। इस अवसर पर शंकर भगवान को दूध, शुद्ध जल, शहद, गन्ने का रस से अभिषेक कर शाम को उनका भव्य श्रृंगार किया गया। संध्या 7 बजे श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ भक्तिमय संकीर्तन प्रारंभ किया। इस अवसर पर भोले बाबा को विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान्न का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 11 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार, जितेश अग्रवाल, विकाश पाडिया, नितेश लखोटिया, राजेश सारस्वत, अमित जलान, अरुण धनुका का सहयोग रहा।

### बाल सुधार गृह में पुनरुत्थान और नशा मुक्ति नाटक का मंचन



**रांची।** बुधवार को बूटी मोड़ स्थित बाल सुधार गृह के परिसर में झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी के छात्रों के द्वारा राजीव सिन्हा के निर्देशन में दो नाटकों का मंचन किया गया जिन में शामिल थे पुनरुत्थान और नशा मुक्ति। गौरतलब है कि दोनों ही नाटकों का विषय किशोरों के प्रोत्साहन तथा जागरूकता के लिए प्रस्तुत किया गया। नाटक पुनरुत्थान से जहां किशोर में देशभक्ति का संदेश गया। वहीं नशा मुक्ति के माध्यम से उन्हें नशा के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। इस आयोजन को बाल सुधार गृह के नोडल ऑफिसर कर्नल जीवन कुमार के द्वारा आयोजित किया गया था, जिन्होंने इस मौके पर बाल सुधार गृह के सभी बच्चों को झारखंड के टूरिस्ट गाइड बनने का भी संदेश दिया। नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में शामिल थे अंशु अग्रवाल, अलका भगत, श्रुति जयसवाल, प्रिंस राजपूत, सोमकांत, अमित कुमार राज, सूरज पार्या, अब्दुल तौफिक, नीतीश कुमार गुप्ता और मनीष राव सहित अन्य शामिल थे।

### अफीम की खेती संरक्षित गिरोह का संगठित अपराध है : रमाकांत



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने प्रदेश में अफीम की खेती को बुलडोजर एवं ट्रैक्टर द्वारा रौंदे जाने को आईवॉश करार दिया है। उन्होंने कहा कि विगत पांच सालों से राज्य एवं जिले के सीमावर्ती इलाकों में संरक्षित गिरोह लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की खेती कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस महकमा से लेकर पूरा सरकारी तंत्र अफीम की खेती करवाने में मिला हुआ है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने खुफिया विभाग पर भी सवाल खड़ा करते हुए जवाब मांगा है कि जब लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की फसलें लहलहाती हैं तब सरकार का ये खुफिया विभाग क्या कर रहा होता है। जब चीरा लगाकर माल पंजाब, राजस्थान के अलावे अन्य प्रदेशों में चला जाता है उसके बाद प्रशासन की कुंभकर्णी नींद खुलती है और पुलिस के माध्यम से अफीम की खेती को बुलडोजर व ट्रैक्टर से रौंदवा दिया जाता है। जो केवल और केवल एक आईवॉश के अलावा और कुछ नहीं है।

अभ्यास...

# मुंबई की सद्भावना और प्रशिक्षण यात्रा पर ईरानी नौसेना के युद्धपोत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




ईरानी नौसेना का एक प्रशिक्षण बेड़ा भारत पंहुचा है। ईरानी नौसेना के इस प्रशिक्षण बेड़े में ईरान के दो युद्धपोत शामिल हैं। ये युद्धपोत मुंबई की सद्भावना और प्रशिक्षण यात्रा पर हैं। ईरान के इन दो युद्धपोतों के नाम आईआरआईएस बौशहर और आईआरआईएस लावन हैं। करीब 220 अधिकारी व नौसैनिकों के साथ आए ये जहाज हिंद महासागर में प्रशिक्षण मिशन पर हैं। ईरानी नौसेना के युद्धपोत 28 फरवरी तक मुंबई की सद्भावना और प्रशिक्षण यात्रा पर रहेंगे। मुंबई पहुंचने पर बैंड की उपस्थिति में भारतीय नौसेना ने ईरानी जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। नौसेना का कहना है कि ईरानी नौसेना के इन युद्धपोतों की तैनाती का नेतृत्व मिशन कमांडर के रूप में कैप्टन मोहम्मद साबेरी ने किया है। वहीं, सीनियर कैप्टन सैयद अली मदनी ने लावन की कमान संभाली है और कमांडर हमीद बहरामियन ने आईआरआईएस बौशहर की कमान संभाली है। मुंबई पहुंचने पर ईरानी नौसेना के मिशन कमांडर और दोनों जहाजों के कमांडिंग ऑफिसरों ने पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय में चीफ स्टाफ ऑफिसर (ऑपरेशंस) रियर एडमिरल विद्याधर हरके से मुलाकात की।

हादसा...

# खार्तूम में सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, ब्रिगेडियर जनरल सहित कई की मौत

**खार्तूम (आईएएनएस)**



सूडानी सैन्य विमान मंगलवार को खार्तूम के उत्तर में ओमदुरमन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के सदस्य और कई सैन्य अधिकारी मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह विमान वाडी सेडना एयरबेस से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नाम न बताने की शर्त पर एक सैन्य सूत्र ने दुर्घटना के लिए तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया। चार लोगों के चालक दल वाला यह विमान कथित तौर पर एक सैन्य मिशन पर था, जिसमें कई उच्च पदस्थ अधिकारी सवार थे। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी बताई जा रही है। विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहा था और अचानक नीचे गिरा। क्रैश होते ही विमान ने घनी आबादी वाले इलाके में आग पकड़ ली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान के गिरने के बाद आसपास के आवासीय इलाकों में मलबा बिखर गया और कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा। इस हादसे में सूडानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल, अन्य सैन्य अधिकारी और सैनिक और पांच नागरिक मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विमान काफी नीचे उड़ रहा था और अचानक आग के गोले में तब्दील होकर तेज आवाज के साथ नीचे गिर गया।

हमला...

# लेबनान के शारा में इजरायली ड्रोन हमला, दो लोगों की मौत

**बेरूत (आईएएनएस)**




लेबनान की पूर्वी पर्वत श्रृंखला के पास जनता के शारा क्षेत्र में इजरायली ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के अल्मा अल-शाब गांव और नकौरा शहर के बीच रोशनी वाली लाइटें भी गिराईं। इजरायल और लेबनान के बीच 27 नवंबर, 2024 से युद्धविराम समझौता लागू है। इसने गाजा युद्ध के कारण लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई पर रोक लगा दी है। हालांकि इजरायल के रुक रुक कर सैनिक कार्रवाइयां करता रहता है। इस समझौते में लेबनानी क्षेत्र से इजरायली सेना की वापसी की बात कही गई थी, लेकिन 18 फरवरी की समय-सीमा के बावजूद इजरायल ने बॉर्डर पर पांच स्थानों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है। इससे पहले इजरायल की सेना ने कहा था कि उसने युद्ध विराम समझौते के बावजूद दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले शुरू किए हैं। एक बयान में, सेना ने कहा कि उसने हथियारों से लैस बुनियादी ढांचे पर हमला किया, जहां 'हिजबुल्लाह की गतिविधि की पहचान की गई।'

## अमरनाथ की तरह मनाली में बर्फ से बनता है 30 फीट ऊंचा शिवलिंग



**मनाली (आईएएनएस)।** हिमाचल प्रदेश की मनमोहक वादियों में बसा अंजनी महादेव मंदिर एक रहस्यमयी और पवित्र स्थान है, जहां प्रकृति हर साल स्वयं भगवान शिव की आराधना करती है। बाबा अमरनाथ की तरह ही मनाली में भी बर्फ से बनने वाला शिवलिंग लगभग 20 से 30 फीट ऊंचा होता है, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था और चमत्कार का प्रतीक बन गया है। इसी कारण इसे 'मिनी अमरनाथ' भी कहा जाता है। यह पवित्र स्थल अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शक्ति से भक्तों और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

## दबाव, धमकियों, प्रतिबंधों के बीच बातचीत बेकार : परमाणु वार्ता पर ईरान



**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान बाहरी दबाव या प्रतिबंधों का सामना करते हुए अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने तेहरान में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की।

**06** साल बाद भी हवाई हमले के पाकिस्तान इस कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बताने से इनकार कर रहा है

**2024** पाकिस्तान के नागरिक और सैन्य सुरक्षा बलों के लिए एक दशक में सबसे घातक वर्ष साबित हुआ



**2024** में हिंसा में फिर से उछाल आया, जिसमें कुल 444 आतंकी हमलों के बीच कम से कम 685 सुरक्षा बलों के सदस्यों ने अपनी जान गंवाई

**बालाकोट**

एयर स्ट्राइक के 6 साल

# मारे गए सैनिकों की संख्या को आज तक छिपा रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



26 फरवरी 2019 को बालाकोट में भारतीय युद्धक विमानों ने एयर स्ट्राइक की थी। इस हवाई हमले के 6 साल बाद भी पाकिस्तान इस कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बताने से इनकार कर रहा है। इस्लामाबाद देश में हुई आतंकी घटनाओं में हताहतों की संख्या के बारे में भी सच नहीं बता रहा है। हताहतों की संख्या को रिपोर्ट करने की जगह पाकिस्तान यह झूठा एजेंडा चलाता है कि कुछ भी बड़ा नहीं हुआ। पाकिस्तान अपने सबसे खराब सुरक्षा संकट का सामना कर रहा है। 2024 में हिंसा में फिर से उछाल आया, जिसमें कुल 444 आतंकी हमलों के बीच कम से कम 685 सुरक्षा बलों के सदस्यों ने अपनी जान गंवाई। 2024, पाकिस्तान के नागरिक और सैन्य सुरक्षा बलों के लिए एक दशक में सबसे घातक वर्ष साबित हुआ। पाकिस्तान के महानिदेशक इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस (डीजीआईएसपीआर) के एक दस्तावेज से यह खुलासा हुआ। 2024 में, पाकिस्तान में नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों और अपराधियों के बीच हिंसा में 2,546 लोगों की मौत हुई जबकि 2,267 घायल हुए। 2024 में कुल हताहतों की संख्या 4,813 थी। इस साल आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की 1,166 घटनाएं घटी। सुरक्षा अधिकारियों और नागरिकों पर आतंकी हमलों की संख्या, अपराधियों के खिलाफ चलाए गए सुरक्षा अभियानों की तुलना में लगभग चार गुना अधिक थी, यानी 909 आतंकी हमले बनाम 257 सुरक्षा अभियान। हालांकि, आधिकारिक चैनलों पर पाकिस्तानी सेना के हताहतों की संख्या को बहुत कम करके बताया गया। लेकिन अब इंटेल रिपोर्ट ने पाकिस्तान के इस फर्जीवाड़े को उजागर कर दिया। एक जांच से पता चलता है कि 2024 में रिकॉर्ड 444 आतंकी हमलों के बीच 685 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए। कम से कम 264 घटनाएं ऐसी थीं, जिनमें हताहतों की संख्या के बारे में पाकिस्तानी अधिकारियों ने ठीक जानकारी नहीं दी। ये वे घटनाएं थीं, जिनमें पाकिस्तानी सेना के सैकड़ों अधिकारी मारे गए थे। वजीरिस्तान, शेखपुरा, लाहौर, उत्तरी वजीरिस्तान, बलूचिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान, डेरा इस्माइल खान, डुकी बलूचिस्तान, मीराह, पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा, कश्मीर सीमा, गजनली सीमा, खैबर और सियालकोट सेक्टर जैसी जगहों पर अलग-अलग हमलों में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी मारे गए। पाकिस्तान के आईएसपीआर ने जानबूझकर सैन्य हताहतों की संख्या कम बताई, जिससे उसके सशस्त्र बलों को हुए नुकसान का वास्तविक पैमाना प्रभावी रूप से छिप गया।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी महाशिवरात्रि की बधाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देशभर में आज महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई नेताओं ने देशवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई दी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, "मैं सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि हम सब पर देवाधिदेव महादेव की कृपा बनी रहे तथा हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, "महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आत्म-चिंतन और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक यह पावन पर्व हमें ज्ञान, धैर्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि सम्पूर्ण सृष्टि पर भगवान शिव की कृपा बनी रहे और उनके आशीष से हमारा राष्ट्र प्रगति और समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो। हर हर महादेव।

मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-

# सांसदों की अयोग्यता पर फैसला का अधिकार संसद के पास है, यह न्यायिक समीक्षा से परे है

**ब्यूरो**

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

राजनीति का अपराधीकरण एक गंभीर मुद्दा है, इसमें हितों के टकराव का तत्व है क्योंकि राजनेता खुद कानून बना रहे हैं

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने पर राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने की याचिका का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जवाबी हलफनामा दायर किया है। जिसमें कहा है कि सांसदों की अयोग्यता पर फैसला करने का अधिकार पूरी तरह से संसद के पास है और यह न्यायिक समीक्षा से परे है। वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। धारा 8 के अनुसार, अपराधों के लिए सजा पाने वाले व्यक्ति को जेल की सजा काटने के बाद 6 साल की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा। लेकिन केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि क्या आजीवन प्रतिबंध लगाना सही है या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र ने कहा कि याचिका में जो आग्रह किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है। यह न्यायिक समीक्षा संबंधी सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का संविधान के आर्टिकल 102 व 191 पर इस मामले में भरोसा पूरी तरह से गलत है। संविधान के आर्टिकल 102 और 191 संसद के किसी भी सदन, विधान सभा या विधान परिषद की सदस्यता के लिए अयोग्यता से संबंधित हैं। केंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 102 और 191 के खंड (ई) संसद को अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने की शक्ति देते हैं और इसी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए 1951 का अधिनियम बनाया गया था। मालूम हो कि कि दो सप्ताह पहले जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस मनमोहन की पीठ ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि राजनीति का अपराधीकरण एक गंभीर मुद्दा है। पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि इसमें हितों के टकराव का तत्व है क्योंकि राजनेता खुद कानून बना रहे हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर पर संभावित शुल्क की जांच के दिए आदेश

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर के आयात से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को लेकर संबंधित खतरे की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कार्यकारी आदेश के तहत एयरक्राफ्ट, वाहन, जहाज और दूसरे मिलिट्री हार्डवेयर बनाने में इस्तेमाल होने वाले मेटल पर नए शुल्क लगाए जा सकते हैं। ट्रंप ने वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को 1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 के तहत जांच करने का निर्देश दिया। जिसके अनुसार अगर कोई आयात संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है तो राष्ट्रपति को आयात प्रतिबंध लगाने की अनुमति है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ट्रंप अमेरिका के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने, अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और दूसरे नीतिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं।

## इजरायली राजदूत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के गाजा प्लान का किया समर्थन

**नई दिल्ली ।** भारत में इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार ने गाजा की फिलिस्तीनी आबादी को पड़ोसी देशों में स्थानांतरित करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव का समर्थन किया। ट्रंप ने गाजा पट्टी को खाली करने और इसे अमेरिकी नियंत्रण में लेकर विकसित करने की योजना पेश की थी हालांकि उनके प्लान की व्यापक आलोचना हुई लेकिन इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इसका समर्थन किया। अजार ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, "जब दूसरे संघर्षों को देखते हैं, तो बात स्पष्ट हो जाती है।

इबोला वायरस को लेकर दक्षिण कोरिया अलर्ट

# सात अफ्रीकी देशों से आने वाले लोगों के लिए नियम होंगे सख्त

**एजेंसी। सोल**



दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को कहा कि इबोला वायरस को फैलने से रोकने के लिए वो दृढ़संकल्प है। इन प्रयासों के तहत ही सात अफ्रीकी देशों से प्रवेश करने वाले लोगों पर क्वारंटीन नियमों को सख्ती से लागू करेगा। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने युगांडा, दक्षिण सूडान, रवांडा, केन्या, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, तंजानिया और इथियोपिया से आने वाले यात्रियों के लिए क्वारंटीन करना अनिवार्य कर दिया है। इन यात्रियों को दक्षिण कोरिया में प्रवेश करते समय बुखार और दाने जैसे शारीरिक लक्षणों की रिपोर्ट करनी होगी। यह कदम युगांडा में इबोला से पहली मौत की सूचना के बाद उठाया गया है। इबोला वायरस गंभीर सूजन और रक्तस्त्रावी बुखार का कारण बनता है और इसका कोई व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला टीका नहीं है। केडीसीए आयुक्त जी यंग-मी ने कहा कि इबोला वायरस दूसरे देशों में तेजी से नहीं फैलता क्योंकि यह संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थ या ऊतकों के सीधे संपर्क से फैलता है, लेकिन इस बीमारी के फैलने की संभावना को कम करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। पिछले महीने युगांडा में एक 32 वर्षीय पुरुष नर्स की इबोला वायरस से मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद इबोला का प्रकोप घोषित किया गया था। युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बुधवार तक नौ इबोला संक्रमण के मामलों की पुष्टि हो चुकी थी।

### सबसे बड़ा इबोला प्रकोप 2014-2016 के दौरान हुआ था

इबोला वायरस एक प्रकार का रक्तस्रावी बुखार है, जो इबोलावायरस के कारण होता है। इसके लक्षण फ्लू जैसे होते हैं, लेकिन यह गंभीर उल्टी, रक्तस्राव और मस्तिष्क संबंधी समस्याओं में बदल सकते हैं। यह वायरस चमगादड़ों, नॉन-ह्यूमन प्राइमेट और बारहसिंघा के संपर्क में आने से इंसानों में फैल सकता है। इबोला के मामले पिछले कुछ दशकों में नियमित रूप से सामने आए हैं। 1976 में जब पहली बार इबोला वायरस का पता चला था, तब से इसके प्रकोप होते रहे हैं। सबसे बड़ा इबोला प्रकोप 2014-2016 के दौरान हुआ था, जिसमें 28,646 मामले और 11,323 मौतें हुई थीं।